


# पुष्पांजली टुडे

**नई सोच, नई पहल**

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 140

ग्वालियर, सोमवार, 7 फरवरी, 2022

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




# कृष्णभक्ति का चोला ओढ़ने वालों को सत्ता में रहते कभी याद नहीं आए वृंदावन, बरसाना या नंदगांवः मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाजवादी पार्टी (सपा) को नकली समाजवादी करार देते हुए रविवार को कहा कि जनता की आस्था से कोई सरोकार नहीं रखने वाले इन लोगों को भाजपा को अपार समर्थन मिलता देखकर अब सपने में भगवान कृष्ण की याद आने लगी है। पीएम मोदी ने मथुरा, बुलंदशहर और आगरा के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित जन चौपाल को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सम्बोधित करते हुए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनकी पार्टी पर तीखे प्रहार किए और कहा कि चुनाव देखकर कृष्ण भक्ति का चोला ओढ़ने वाले लोग जब सरकार में थे तो वृंदावन, बरसाना, गोवर्धन और नंदगांव को वे भूल ही गए थे। आज भाजपा को अपार समर्थन देख इन लोगों को अब सपने में भगवान कृष्ण की याद आने लगी है।

उल्लेखनीय है कि अखिलेश यादव ने हाल में कहा था कि भगवान कृष्ण रोजाना उनके सपने में आकर कहते हैं कि उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार बनने जा रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो पहले सरकार में थे, उन्हें न तो आप लोगों की आस्था से मतलब था और न आपकी जरूरतों से। उनका सिर्फ एक ही एजेंडा रहा है, उत्तर प्रदेश को लूटो। उन्हें बस सरकार बनाने से मतलब



रहा है, इसीलिए आज वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा सरकार को पानी पी पी कर कोस रहे हैं। उत्तर प्रदेश का इन लोगों ने जो हाल बना दिया था, वह इन नकली समाजवादियों के कर्मों का कच्चा चिट्ठा है। मोदी ने आरोप लगाया पिछली सरकारों के शासनकाल में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद थे कि वे राजमार्गों पर गाड़ी रोक कर लूटपाट करते थे और राजमार्गों पर ही महिलाओं और बेटियों के साथ क्या होता था, यह बुलंदशहर के लोग अच्छी तरह से जानते हैं। तब उत्तर प्रदेश में घरों एवं दुकानों पर अवैध कब्जे होना आम बात थी। लोग अपना घर छोड़कर पलायन को मजबूर होते थे। आगरा के दंगों में आरोपियों के सिर पर किसका हाथ था, यह आप भली-भांति जानते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के लोगों ने दो टूक कह दिया है कि धन, दौलत, बाहुबल, जातिवाद, परिवारवाद और संप्रदायवाद के दम पर भले ही कुछ लोग कितनी ही राजनीति कर लें, लेकिन वह जनता का प्यार नहीं पा सकते। जनता का आशीर्वाद तो उसे ही मिलेगा, जो सच्चे अर्थ में प्रदेश के लोगों की सेवा करेगा, इसलिए जनता ने तय कर लिया है कि इस बार भी चुनाव में सबसे बड़ा मुद्दा विकास का ही है।अगर राज्य का विकास कोई कर सकता है तो वह सिर्फ भाजपा है, इसलिए पिछले कई महीनों से उत्तर प्रदेश के लोग यह ठान कर बैठे हैं कि कमल का बटन फिर दबाना है और भाजपा को ही जिताना है।

**राजकीय सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई, भतीजे ने दी मुखाग्नि**

# पंचतत्व में विलीन हुई लता मंगेशकर अंतिम यात्रा पर फैंस का उमड़ा जनसैलाब









## प्रधानमंत्री मोदी ने भी किये अंतिम दर्शन

**मुंबइ।** रविवार सुबह भारत रत्न स्वर कोकिला लता मंगेशकर ने दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके निधन के बाद से पूरा देश सदमे में है। मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्तपाल में कोरोना संक्रमण से जंग लड़ते हुए 92 साल की उम्र में लता मंगेशकर का रविवार सुबह निधन हो गया. उनका अंतिम संस्?कार रविवार शाम साढ़े छह बजे मुंबई के शिवाजी पार्क में पूरे राजकीय सम्?मान के साथ किया गया. उनके भाई हृदयनाथ मंगेशकर के बेटे आदिनाथ ने मुखाग्नि दी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे भी स्वर कोकिला के अंतिम दर्शन के लिए शिवाजी पार्क पहुंचें और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। लता मंगेशकर के निधन पर दो दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है. इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा. वहीं महाराष्ट्र सरकार ने आज सोमवार को राज्य में सार्वजानिक अवकाश की घोषणा की है. बता दें कि पिछले 29 दिनों से लता मंगेशकर ब्रीच कैंडी अस्तपाल में भर्ती थीं और उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई थी. पार्थिव देह दोपहर 1.10 बजे ब्रीच कैंडी अस्पताल से उनके घर पहुंची थी जहां राजनीतिक, सामाजिक तथा बॉलीवुड जगत की तमाम हस्तियां पहुंची और उनके अंतिम दर्शन किये. बाद में लता मंगेशकर के अंतिम संस्कार के लिए उनके पार्थिव शरीर को उनके निवास स्थान प्रभुकुंज से लेकर शिवाजी पार्क ले जाया गया. इस दौरान उनके अंतिम दर्शन के लिए हजारों की भीड़ जुटी. लता मंगेशकर के पार्थिव शरीर को तिरंगे में लपेटकर उनके घर से कार तक सैन्य अधिकारी ले गए और फिर आर्मी, नेवी, एयरफोर्स और महाराष्ट्र पुलिस के जवानों ने उनकी अर्थी को कंधा दिया। पुलिस और सेना ने लता मंगेशकर को औपचारिक सलामी दी और एक बैंड ने राष्ट्रगान बजाया. उनका पार्थिव शरीर फूलों से सजे सेना के ट्रक में रखकर शिवाजी पार्क ले जाया गया। ट्रक में पार्थिव शरीर के साथ मंगेशकर की बहन और नामी गायिका आशा भोसले सहित उनके परिवार के कुछ सदस्य थे. इस मौके पर महाराष्ट्र के मंत्री आदित्य ठाकरे भी मौजूद थे. सेना, पुलिस जीप की सुरक्षा में ट्रक हाजी अली जंक्शन, वर्ली नाका, पोद्दार अस्पताल चौक, पुराना पासपोर्ट कार्यालय, सिद्धिविनायक मंदिर, कैडल रोड से होते हुए दादर के शिवाजी पार्क पहुंचा। मुंबई के हजारों लोग लता ताई को अंतिम विदाई देने सड़कों पर उतर आए। उधर शिवाजी पार्क में उनके अंतिम दर्शन के लिए लोग दो घंटे पहले से कतार में लगे हुए थे। अंतिम दर्शन के लिए लता मंगेशकर का पार्थिव शरीर कुछ समय के लिए शि?वाजी पार्क में रखा गया। अंतिम संस्कार के वक्त शिवाजी पार्क में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार, एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार, मंत्री छगन भुजबल, मंत्री सुभाष देसाई, मंत्री आदित?य ठाकरे, मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे, प्रसिद्ध गीतकार जावेद अख्तर, अभिनेता शाहरुख खान, दिग्गज खिलाड़ी सचिन तेंडुलकर समेत विभिन्न क्षेत्रों से कई दिग्गज हस्तियां मौजूद रही।

## भारतीय संगीत की दुनिया में एक खालीपन जिसे भरना अब काफी मुश्किल

बहरहाल लता मंगेशकर के निधन से भारतीय संगीत की दुनिया में एक खालीपन आ गया है, जिसे भरना अब काफी मुश्किल है. आपको बता दें कि भारत की कोकिला के रूप में जानी जाने वाली लता मंगेशकर को भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न मिल चुका है। उन्हें पद्म भूषण, पद्म विभूषण, दादा साहब फाल्के पुरस्कार और कई राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों से भी सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने अलग-अलग भाषाओं में 30,000 से अधिक गाने गाए हैं।

# मुसलमानों से रिश्तों पर बोले, योगी- जो भारत को प्यार करता है हम उससे प्यार करते हैं



**लखनऊ।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने मुसलमानों से अपने रिश्तों का खुलासा बेहद सटीक अंदाज में किया है। दरअसल, यूपी में 10 फ़रवरी को विस चुनाव के पहले चरण का मतदान होगा। चुनाव को लेकर भाजपा, सपा सहित सभी पार्टियां धुआंधार प्रचार कर रही है। इसी बीच एक टीवी इंटरव्यू में जब सीएम योगी आदित्यनाथ से पूछा गया कि आपका मुसलमानों से क्या रिश्ता है तो उन्होंने जवाब देते हुए कहा कि जैसे वे मुझे देखते हैं, वैसे मैं भी उन्हें देखता हूं। एक इंटरव्यू में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सवाल पूछा गया कि पीएम मोदी का नारा रहा है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास। आप भी इस नारे को हर मंच से दोहराते हैं। आपने अभी तक बहुत से उम्मीदवार घोषित किए हैं लेकिन कोई भी मुसलमान कैंडिडेट घोषित नहीं किया है। आपका मुसलमानों से क्या रिश्ता है?

इस सवाल के जवाब में सीएम योगी ने कहा कि मेरा वही रिश्ता उनके साथ में है जो उनका रिश्ता मुझसे है। आगे उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार में मेरे मंत्रिमंडल में एक मुस्लिम मंत्री मोहसिन रजा हैं। केंद्र सरकार में मुख़्तार अब्बास नकवी मंत्री हैं। इसी प्रकार के कई चेहरे हैं। आरिफ़ मोहम्मद ख़ान केरल के राज्यपाल के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। हमारा किसी चेहरे, व्यक्ति, जाति या मजहब से विरोध नहीं है। लेकिन जिसका विरोध भारत से है और भारतीयता से है तो स्वाभाविक रूप से हमारा उससे विरोध होगा।

योगी आदित्यनाथ ने यह भी कहा कि जो भारत को प्यार करता है। हम उससे प्यार करते हैं। जो भारत के मूल्यों और सिद्धांतों में रचा बसा है। हम उसको हृदय से लगाते हैं, गले से लगाते हैं और सम्मान भी देते हैं। लेकिन अगर आजादी के बाद किसी ने ईमानदारी से सबका साथ सबका विकास पर काम किया है तो वो भाजपा सरकार ने किया है। आप देख सकते हैं कि जो लोग गरीब कल्याण का नारा देते थे, गरीबी हटाओ का नारा देते थे, सामाजिक न्याय की बात करते थे। उनका क्या सामाजिक न्याय है? गरीबों की पेंशन हड़प जाना क्या यही सामाजिक न्याय है? गरीबों के आवास योजना को लागू न करना क्या यही सामाजिक न्याय है? बता दें कि करीब तीन दशक के बाद किसी भी प्रमुख पार्टी ने गोरखपुर सदर सीट पर मुस्लिम उम्मीदवार घोषित किया है। बसपा ने गोरखपुर सदर से योगी आदित्यनाथ के खिलाफ अपने पुराने पार्टी कार्यकर्ता ख्वाजा शम्सुद्दीन को चुनावी मैदान में उतारा है।

# भाजपा सांसद लॉकेट चटर्जी के काफिले पर हमला, प्रचार के लिए रुद्रपुर गई थीं अभिनेत्री



**रुद्रपुर/दिनेशपुर।** भारतीय जनता पार्टी के चुनाव अभियान के लिए जिले में पहुंचीं फिल्म अभिनेत्री व सांसद लॉकेट चटर्जी के काफिले पर हमले का आरोप है। फिल्म अभिनेत्री व सांसद लॉकेट चटर्जी और भाजपा प्रत्याशी शिव अरोड़ा अपने समर्थकों सहित मौके पर धरने पर बैठ गए हैं। इस मामले के बाद क्षेत्र में भारी तनाव व्याप्त है। मौके पर पुलिस फोर्स तैनात की गई है। फिल्म अभिनेत्री व भाजपा सांसद लॉकेट चटर्जी रविवार को भाजपा के समर्थन में चुनाव प्रचार कर रही थी। इस दौरान वह रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में दिनेश पुर के पास सुंदरपुर गांव में चुनाव प्रचार में व्यस्त थी। कहा जा रहा है कि ठुकराल समर्थकों ने मौके पर काफिले पर हमला करने का प्रयास किया। जिसमें सांसद लॉकेट चटर्जी के वाहन में पर्चे फेंके गए और अभद्रता की गई। वही पार्टी के बुजुर्ग कार्यकर्ता सुब्रत को वाहन से बाहर खींच कर उन्हें मारने का प्रयास किया गया। रविवार अपराह्न करीब 3 बजे हुई इस घटना के बाद मौके पर हंगामा मच गया। जिसके विरोध में पास ही स्थित मंदिर में भाजपा प्रत्याशी व अभिनेत्री लॉकेट चटर्जी अपने समर्थकों के साथ धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। वह हमलावरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

कहा जा रहा है कि घटना के बाद विधायक राजकुमार ठुकराल भी क्षेत्र में ही मौजूद थे, जो कि 200 मीटर दूर से ही लौट गए। तनाव को देखते हुए एसपी सिटी ममता वोहरा मौके पर फोर्स के साथ मौजूद हैं और भाजपा प्रत्याशी शिव अरोड़ा को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल भाजपा की ओर से कहा जा रहा है कि जब तक हमलावरों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई नहीं की जाती है, तब तक वह धरना प्रदर्शन करते रहेंगे।

# यूपी विस चुनाव तय करेगा यहां माफियाराज होगा या कानून : अमित शाह



**बागपत।** उत्तर प्रदेश में हो रहे विधानसभा चुनाव 2022 के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को पश्चिमी यूपी के बागपत में रैली को संबोधित किया। इस बीच उन्होंने कहा कि इस चुनाव से यह तय हो जाएगा कि प्रदेश का विकास होगा या यहां माफियाराज कायम होगा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने तंज करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में बीते 15 साल तक सपा और बसपा की सरकार थी। मगर अर्थव्यवस्था के नजरिए से अपना यूपी सातवें नंबर पर था। वहीं यूपी अब योगी सरकार के पांच साल में देश की दूसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बन चुकी है। उन्होंने कहा कि एक मौका दीजिए उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था नंबर एक पर पहुंच जाएगी। उन्होंने कहा कि ये चुनाव निश्चित करने वाला है कि आने वाले दिनों में फिर से एक बार यहां माफियाओं का राज चलेगा या कानून का राज चलेगा। उत्तर फिर से एक बार दंगों की आग में झुलसेगा या यहां विकास का रास्ता प्रशस्त होगा, ये निश्चित करने का चुनाव है। इसी बीच शाह ने कहा कि भाजपा को एक मौका दे दीजिए, 5 साल में देश में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था एक नंबर की हो जाएगी। 10 साल तक सोनिया-मनमोहन की सरकार चली, इसमें सपा-बसपा का भी समर्थन भी था। एक हिसाब से कांग्रेस-सपा-बसपा की सरकार चली। लेकिन साल 2013-14 के बजट में उत्तर प्रदेश का कितना बजट दिया गया? अखिलेश यादव आंकड़े की बात ही नहीं करते हैं लेकिन आंकड़ों की बात आती है तो सिर्फ और सिर्फ इत्र वाले की याद आती है। अमित शाह ने कहा कि सपा इत्र वाले के यहां से 250 करोड़ रुपए पकड़े गए।

## खास खबर

### सीएम योगी के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे 26 साल से धरना कर रहे पूर्व शिक्षक

**मुजफ्फरनगर।** 26 साल से धरना दे रहे पूर्व शिक्षक ने गोरखपुर से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। स्कूल के पूर्व शिक्षक 59 वर्षीय विजय सिंह ने कहा मैंने सरकारी जमीन को माफिया के चंगुल से मुक्त कराने के लिए हर संभव कोशिश की , लेकिन सफलता नहीं मिली। 2012 में, मैं तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मिला, जिन्होंने जांच के लिए एक समिति का गठन किया था। बाद में कुछ नहीं हुआ। जब योगी मुख्यमंत्री बने, तो मैंने उनसे संपर्क किया और उन्होंने मुझे निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया, जिसने 2019 में अपनी रिपोर्ट में मेरे दावे की प्रामाणिकता की पुष्टि की थी। मैंने 30 बार लखनऊ का दौरा किया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। 1996 में भू-माफियाओं द्वारा उनके छुडाना गांव में सार्वजनिक भूमि हड़पने से सिंह बेहद परेशान हो गए थे और उन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी और सार्वजनिक भूमि के अतिक्रमण के विरोध में मुजफ्फरनगर कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठ गए। उन्होंने कहा अब, मैं जनता के पास जाऊंगा। उन्हें दिखाऊंगा कि इस प्रणाली ने मेरे साथ क्या किया है। 26 साल कोई छोटा समय नहीं है। मैंने अपना जीवन एक उचित कारण के लिए दिया है।

### टॉफी देने के बहाने पांच वर्षीय बच्चे के साथ युवक ने किया दुष्कर्म

**जालंधर।** थाना रामा मंडी अधीन पड़ते एक इलाके में टॉफी देने के बहाने 5 वर्षीय बच्चे के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। एसीपी सेंट्रल सुखदीप सिंह ने बताया कि एसएचओ रामा मंडी जतिन्दर कुमार शर्मा के नेतृत्व में आरोपी सुभाष चंद्र निवासी राम बहादुर का क्वार्टर संतोषी नगर जालंधर को 2 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। एसीपी ने बताया पीड़ित बच्चे की मां ने पुलिस के पास बयान दर्ज कराया था कि सुबह 10 बजे उसके बेटे को टॉफी देने के बहाने सुभाष अपने क्वार्टर में ले गया। वहां उसने बच्चे के साथ कुकर्म किया। पुलिस ने सुभाष चंद्र के खिलाफ थाना रामा मंडी में आईपीसी की धारा 377, 7/8 पास्को एक्ट के अंतर्गत एफआईआर दर्ज की।

### सांबा सेक्टर में बीएसएफ ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 3 ड्रग्स तस्करों को मार गिराया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में सेना और सुरक्षाबलों की मुस्तैदी के चलते मादक द्रव्य से जुड़े तक्करों की खैर नहीं है। सीमा सुरक्षा बल ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 3 पाकिस्तानी ड्रग तस्करों को मार गिराया। इनके पास से बड़ी मात्रा में ड्रग्स भी बरामद हुई है। बीएसएफ के मुताबिक, बीएसएफ जवानों ने स्मगलिंग की कोशिश कर रहे तीन ड्रग्स स्मगलरों को ढेर कर दिया। इनके पास से 36 पैकेट हेरोइन बरामद हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इनकी कीमत करीब 180 करोड़ रुपए है। बीएसएफ के मुताबिक, 6 फरवरी के तड़के बीएसएफ जवानों को सांबा में तस्करों द्वारा ड्रग्स की स्मगलिंग करने की जानकारी मिली। इसके बाद बीएसएफ ने तीन पाकिस्तानी तस्करों को ढेर कर दिया। इनके पास से 36 पैकेट, करीब 36 किलो ड्रग्स मिली है। बीएसएफ के मुताबिक, ये ड्रग्स हेरोइन हो सकती है। इलाके में सर्च जारी है। जम्मू कश्मीर में सुरक्षाबलों ने आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन्स तेज कर दिए हैं।

### सिद्धू के बदले सुर, कहा सीएम कोई भी हो आखिरी सांस तक नहीं छोड़ूगा कांग्रेस का साथ

**चंडीगढ़।** पंजाब में विधानसभा चुनाव के पहले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी रविवार को राज्य में कांग्रेस के सीएम फेस का ऐलान करने वाले हैं। मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू या मुख्यमंत्री चरणजीत चिन्नी के नाम की घोषणा की जा सकती है। घोषणा से पहले, पंजाब कांग्रेस के प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू ने ट्वीट किया, हर कोई राहुल गांधी के फैसले का का पालन करेगा। उन्होंने राहुल गांधी का गर्मजोशी से स्वागत किया, उन्होंने कहा कि वह पंजाब को स्पष्टता देगें।

## न्यूज़ ट्रैक....

### प्रधानमंत्री मोदी ने अंडर-19 विश्वकप जीतने पर बधाई दी

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंडर-19 विश्व कप जीतने पर भारतीय जूनियर टीम को बधाई देते हुए कहा है कि भारतीय टीम का भविष्य सुरक्षित हाथों में हैं। यश धुल की कप्तानी में युवा टीम को खिताबी जीत पर सभी ओर से बधाईयां मिली हैं। मोदी ने रविवार सुबह ट्वीट किया, %अपने युवा क्रिकेटरों पर बहुत गर्व है। भारतीय टीम को अंडर-19 विश्व कप जीतने पर बहुत बधाई। उन्होंने पूरे टूर्नमेंट के दौरान गजब के धैर्य का परिचय दिया है। उच्चतम स्तर पर यह शानदार प्रदर्शन दिखाता है कि भारतीय क्रिकेट का भविष्य सुरक्षित हाथों में है।% भारतीय टीम ने अपने प्रदर्शन से इस टूर्नामेंट में दिखाया है कि वह सबसे बेहतर है। भारत की जीत में ऑलराउंडर राज बावा, गेंदबाज रवि कुमार और निशांत सिंधु की अहम भूमिका रही।

### नार्वे को शीतकालीन ओलंपिक में मिले दो स्वर्ण

बीजिंग । नार्वे ने शीतकालीन ओलंपिक खेलों में अच्छी शुरुआत करते हुए दो स्वर्ण पदक जीते हैं। नार्वे की थेरेसी जोहौग ने 15 किलोमीटर स्कीथलॉन में स्वर्ण पदक जीता। वहीं इसके बाद नार्वे के ही जोहान्स थिंगनेस बोए ने बैथलॉन दौड़ के मिश्रित रिले वर्ण में स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। जोहान्स ने तेज हवा और ठंडे मौसम के बीच ही चार खिलाड़ियों के समूह को पीछे छोड़कर स्वर्ण पदक हासिल किया। थिंगनेस ने करीबी मुकाबले में फ्रांस के क्वेंटिन फिलोन मेललेट और रूस के एडुआर्ड लैटिपोव को पीछे छोड़ा। वहीं नीदरलैंड की आइरीन स्काउटन ने बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक की स्पीड स्केटिंग स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है।

### घरेलू एथलेटिक्स सत्र 26 से

**नई दिल्ली ।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने 25 टूर्नामेंटों के राष्ट्रीय कैलेंडर को घोषित कर दिया है। घरेलू एथलेटिक्स सत्र की शुरुआत यहां 26 फरवरी से पहली इंडिया ओपन थ्रो प्रतिस्पर्धा के साथ होगी। इसमें पहली राष्ट्रीय भालाफेंक स्पर्धा सात अगस्त को खेली जायेगी। इसी दिन नीरज चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। इसे एएफआई ने राष्ट्रीय भालाफेंक दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया है। वहीं फेडरेशन कप सीनियर राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैम्पियनशिप कोझिकोड में दो से छह अप्रैल तक खेली जायेगी जबकि अंतर प्रांत सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप चेन्नई में दस से 14 जून तक और राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 15 से 19 अक्टूबर तक जमशेदपुर में होगी।

### रवि और दीपक विशेष शिविर के लिए चयनित

नई दिल्ली । बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों और हांगजोऊ एशियाई खेलों की तैयारियों के लिए पहलवान रवि दहिया और दीपक पूनिया सहित 6 अन्य भारतीय पहलवान इस माह 23 फरवरी तक बुल्गारिया में होने वाले विशेष शिविर में भाग लेंगे। खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अनुरोध पर इस अभ्यास शिविर को अपनी सहमति दी थी।

# भारतीय टीम ने इंग्लैंड को हराकर पांचवीं बार जीता अंडर-19 विश्वकप



**नॉर्थ साउंड ।** भारतीय जूनियर क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड को 4 विकेट से हराकर पांचवीं बार अंडर-19 विश्वकप खिताब जीता है। भारतीय टीम की जीत में राज बावा , शेख रशीद और निशांत सिंधु की अहम भूमिका रही। राज ने 5 विकेट लेने के साथ ही तेजी से 35 रन भी बनाये। वहीं रशीद और निशांत ने अर्धशतक लगाये। इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 44.5 ओवरों में 189 रन बनाए। इसके बाद भारतीय टीम ने जीत के लिए मिले लक्ष्य को 48.4 ओवरों में ही 6 विकेट पर 195 रन बनाकर हासिल कर लिया। इस मैच में दिनेश ने छक्का लगाकर भारतीय टीम को जीत दिलायी। दिनेश ने कुल 13 रन बनाये

इस मैच में जीत के लिए 190 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और सलामी बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी शून्य पर ही आउट हो गये। उन्हें पहले ही ओवर में जोशुआ बॉडेन की गेंद पर एलेक्स के कैच किया। इसके बाद हरनूर सिंह और शेख रशीद ने टीम को संभाला पर हरनूर 21 रन बनाकर आउट हो गए। यहां से उपकप्तान शेख और कप्तान यश ढुल ने स्कोर आगे बढ़ाया। शेख ने 84 गेंदों में 6 चौके की मदद से 50 रनों की पारी खेली। बाद सेलेस ने कप्तान यश को 17 रनों पर भारत को चौथा झटका दे दिया। अब स्कोर 97 रन पर 4 विकेट हो गया। यहां से राज बावा और निशांत सिंधु ने 88 गेंदों में 67 रनों की साझेदारी करते हुए भारत को जीत के करीब पहुंचा दिया। 43वें ओवर में जोशुआ बॉडेन ने टॉम प्रेस्ट के हाथों राज बावा को कैच आउट कराते हुए भारत को एक और झटका दिया। हालांकि, राज गेंदबाजी के बाद बल्ले से वह कमाल करने में कामयाब रहे, जिसकी भारत को जरूरत थी। निशांत ने अर्धशतक लगाया। इसके बाद 48वें ओवर की चौथी गेंद पर दिनेश ने छक्का लगाते हुए भारतीय टीम को जीत दिलायी। इससे पहले राज ने 31 रन देकर पांच और रवि कुमार ने 34 रन देकर चार विकेटों लेकर इंग्लैंड को 44.5 ओवर में ही 189 रन पर ही समेट दिया था। इंग्लैंड की ओर से जेम्स रीयू ने 95 रनों की पारी खेली। इंग्लैंड की ओर से रीयू और जेम्स सेल्स ने 93 रन की सबसे बड़ी साझेदारी की जबकि कप्तान प्रेस्ट शून्य पर ही आउट हो गये। इस मैच में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करने वाले राज को मैच ऑफ द मैच का इनाम मिला।

# जब लता ने की थी बीसीसीआई की सहायता



**मुम्बई ।** स्वर कोकिला लता मंगेशकर अब इस दुनिया में नहीं रहीं पर भारतीय क्रिकेट की जो सहायता उन्होंने की थी उसे हमेशा याद रखा जाएगा। 'लता दीदी' के नाम से मशहूर लता मंगेशकर क्रिकेट की बड़ी प्रशंसक थीं। यहां तक कि जब भारतीय क्रिकेट टीम पहली बार 1983 में विश्वकप जीतकर स्वदेश लौटी थी तो बीसीसीआई के पास खिलाड़ियों को देने के लिए पैसे तक नहीं थे, ऐसे में लता की सहायता से ही बीसीसीआई खिलाड़ियों को इनाम दे पाया था। लता ने जब 1983 में बीसीसीआई की सहायता की थी तब बीसीसीआई की हालत आज की तरह नहीं थी। उसके पास खिलाड़ियों को इनाम देने तक की रकम नहीं थी। ऐसे में बोर्ड के तत्कालीन अध्यक्ष एनकेपी साल्वे ने लता से सहायता मांगी थी। लता ने भारतीय टीम की जीत का जश्न मनाने के लिए दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में कन्सर्ट आयोजित किया गया था। यह कन्सर्ट सुपरहिट साबित हुआ। तब इससे 20 लाख रुपए की कमाई हुई थी। उसकी से भारतीय टीम के सभी सदस्यों को इनाम के तौर पर 1-1 लाख रुपये दिए गए। इस कन्सर्ट में लता मंगेशकर ने कई गाने गाए और दर्शकों को अपनी आवाज और अंदाज से भावविभोर कर दिया। उनके 'भारत विश्व विजेता' गाने को खूब सराहा गया जिसका संगीत हृदयनाथ मंगेशकर ने दिया था। जब लता दीदी मंच पर यह गाना गा रही थीं, तब भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी उनके सुर में सुर मिला रहे थे। लता ने इस कन्सर्ट के लिए बीसीसीआई से कोई फीस नहीं ली थी। वहीं बीसीसीआई और तत्कालीन खिलाड़ियों ने लता मंगेशकर के इस योगदान को हमेशा याद रखा।



*कुवैत में ऊंटों की 20 वीं अंतरराष्ट्रीय रेसिंग चैम्पियनशिप आयोजित हुई।*






# तेलुगू फिल्मों में सिक्का जमाने के बाद बॉलीवुड में कदम रख रहीं सीरत



दिवंगत एक्टिंग गुरु रोशन तनेजा की पोती सीरत कपूर तेलुगू फिल्मों में अपना सिक्का जमाने के बाद बॉलीवुड में कदम रखने वाली हैं। वह कहती हैं कि दोनों उद्योगों में काफी समानताएं हैं और उन्हें अपने कला को एक्सप्लोर करने का मौका मिला है। कुछेक सफल तेलुगू फिल्मों का हिस्सा रही सीरत हिंदी फिल्म मारीच में नसीरुद्दीन शाह और तुषार कपूर के साथ नजर आएंगी। सीरत ने कहा, जहां तक प्रक्रिया की बात है, मतभेदों की तुलना में अधिक समानताएं हैं। दोनों ही उद्योग चाहे यह दक्षिण या बॉलीवुड हो, दोनों अपनी व्यक्तिगत संस्कृतियों और दर्शकों के लिए जोर लगाते हैं। मेरे दृष्टिकोण से, यह एक कलाकार के लिए खुद को तलाशने के अवसरों से भरा एक महासागर है। उन्होंने रणबीर कपूर की भूमिका के लिए एक सहायक कोरियोग्राफर के रूप में अपना कैरियर शुरू किया, फिल्म रॉकस्टार (2011 फ़िल्म) में। उसने साल 2014 में रन राजा रन (तेलुगू) के साथ अभिनय की शुरुआत की। सीरत कपूर 3 अप्रैल 1993 को मोनाबासा, केन्या में पैदा हुए थे। उनके पिता दिवंगत विनीत कपूर, द इंटरकांटिनेंटल, मरीन ड्राइव, मुंबई और उनकी मां नीना सीहोटा कपूर में एयर इंडिया के साथ एयरहोस्टेस्ट हैं। सीरत कपूर मुंबई की पोद्दार इंटरनेशनल स्कूल, सांता करूज़ में शिक्षित हुईं और आर डी डी नेशनल कॉलेज, बांद्रा में अपना पूर्व विश्वविद्यालय पूरा कर लिया। उन्होंने बाद में मास कम्युनिकेशन में बैचलर ऑफ आर्ट्स की डिग्री के लिए नामांकन किया, लेकिन 2014 में रन राजा रन (तेलुगू) नाम वाली उनकी पहली फिल्म के साथ समयबद्धन संघर्षों के कारण इसे छोड़ दिया।

## जैकलीन ने पूरी की 'बच्चन पांडे' की शूटिंग

बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीस ने अपनी आने वाली फिल्म 'बच्चन पांडे' की शूटिंग पूरी कर ली है। जैकलीन ने अपनी आगामी फिल्म 'बच्चन पांडे' में अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। जैकलीन ने इसकी जानकारी इंस्टाग्राम पर शूटिंग के दौरान की फोटो शेयर कर दी। जैकलीन ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म की शूटिंग की तीन तस्वीरें शेयर की हैं। जैकलीन ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर कर कैप्शन लिखा, बच्चन पांडे के लिए किरदार को निभाने में काफी मजा आया। इस कहानी को जीवंत बनाने के लिए आप सभी का धन्यवाद। उन्होंने अपनी को- स्टार कृति सेनन को टैग करते हुए लिखा, 'कृति तुम अद्भुत हो और मैं तुम्हें बहुत प्यार करती हूं।' गौरतलब है कि फिल्म बच्चन पांडे वर्ष 2014 में प्रदर्शित तमिल फिल्म 'वीरम' का हिंदी रीमेक है। इस फिल्म में अक्षय कुमार एक गैंगस्टर की भूमिका निभा रहे हैं, जो एक अभिनेता बनना चाहता है। वहीं, कृति सेनन एक पत्रकार की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म में अक्षय कुमार, कृति सेनन, जैकलीन फर्नांडीस के अलावा पंकज त्रिपाठी और अरशद वारसी भी अहम भूमिका है। फिल्म 'बच्चन पांडे' 26 जनवरी 2022 में रिलीज हो सकती है।



## 26 मार्च को ओटीटी पर होगी रिलीज फिल्म पगलैट

अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा की फिल्म पगलैट 26 मार्च को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने जा रही है। सान्या ने कहा इस फिल्म की घोषणा करने को लेकर बहुत रोमांचित हूं। यह मेरे दिल के बहुत करीब है। अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा की फिल्म पगलैट 26 मार्च को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने जा रही है। सान्या ने कहा इस फिल्म की घोषणा करने को लेकर बहुत रोमांचित हूं। यह मेरे दिल के बहुत करीब है। इसमें मैं संध्या का रोल कर रही हूं जो मेरे पर्दे पर निभाए गए रोल से अलग है। फिल्म पगलैट में मेरी यात्रा वाकई पगलैट की तरह ही थी। मैं दुनिया को यह फिल्म दिखाने के लिए इंतजार नहीं कर पा रही हूं। यह फिल्म भारतीय मध्यम वर्गीय परिवार की कहानी बताती है जो संकट में आ जाता है। सान्या इसमें विधवा युवती संध्या का किरदार निभा रही हैं। अभिनेत्री इन्द्राणी तालुकदार की लंबे समय से प्रतीक्षित फिल्म 'रिटर्न ऑफ रणवीर' ओटीटी प्लेटफॉर्म फनफ्लिक्स पर खूब देखी और पसंद की जा रही है। इस फिल्म का निर्देशन और निर्माण अशोक जमुआर ने किया है। इस फिल्म का संगीत टी सीरीज द्वारा लांच किया गया है। फिल्म राजस्थान में फिल्माई गई है, जो रणवीर सेना से प्रेरित है। निर्देशक जमुआर ने बताया कि यह कहानी बिहार में भूमि कब्जा करने की व्यवस्था और पर्यावरण को बचाने एवं जंगल माफिया के खिलाफ लड़ने के लिए बने संगठन पर आधारित है।

# नारायणी शास्त्री की कई साल बाद आपकी नजरों ने समझा से टीवी की वापसी



टेलीविजन की सबसे चर्चित बहुमुखी अदाकारा नारायणी शास्त्री स्टार प्लस के अपकमिंग शो आपकी नजरों ने समझा में जल्द नजर आने वाली हैं। टेलीविजन इंडस्ट्री में अपनी सशक्त भूमिकाओं के लिए जानी जाने वाली बहुमुखी अभिनेत्री नारायणी शास्त्री जल्द ही स्टार प्लस पर आने वाले इस आपकी नजरों ने समझा शो के साथ छोटे पर्दे पर वापसी करती दिखाई देंगी। वर्सटाइल एक्ट्रेस नारायणी शास्त्री, इस 20 साल की अवधि में दर्शकों के दिलों में अपने लिए एक खास जगह बनाने में कामयाब रही हैं, उन्होंने हमेशा से नए किरदार के साथ प्रयोग किया है और आज तक उनके द्वारा निभाए गए सभी किरदारों ने ब्लॉकबस्टर परफॉर्मेंस दी है। उन्होंने कहा, मनोरंजन इंडस्ट्री में इतने सालों बाद अगर मैं धारावाहिक आपकी नजरों ने समझा कर रही हूं, तो इसमें कुछ तो यूनिक और खास जरूर होगा। मैं हमेशा से एक्टिंग के टेबल पर कुछ नया लाने की कोशिश करती हूं और अपने प्रोजेक्ट्स को बहुत समझदारी से चुनती हूं, क्योंकि मैं चालिटी में विश्वास करती हूं और इस बात का पूरा ध्यान रखती हूं कि मैं हर प्रोजेक्ट में अपने किरदार को अलग ढंग से पेश कर सकूं। इस शो में, मेरा किरदार राजवी न केवल एक मां का किरदार है, बल्कि वह एक पत्नी और बहू भी हैं। इतना ही नहीं, वह एक स्ट्रांग माइंडेड बिजनेस वूमन होने के साथ एक अच्छे दिल वाली महिला भी हैं।

# अनिल कपूर को पसंद है अलग-अलग मूड के लिए अलग-अलग खाना



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनिल कपूर ने खुलासा किया है कि उन्हें अलग-अलग मूड के लिए अलग-अलग खाना पसंद है। 64 वर्षीय अभिनेता का कहना है कि उन्हें अपने देश के विभिन्न व्यंजनों और विशेष वस्तुओं को आजमाना पसंद है। अनिल ने बताया कि वह केएफसी इंडिया के साथ जुड़ गए हैं, जो नए रेंज के बर्गर लॉन्च करने जा रही है। इसके प्रचार के लिए उन्होंने शूटिंग भी की है। अभिनेता ने कहा कि उन्हें हर तरह का खाना पसंद है। वास्तव में, मैं खुद अभी तक यह तय नहीं कर पाया कि मेरा पसंदीदा भोजन क्या है। मैं किसी अच्छे भोजन के आकार, रंग या रूप की परवाह नहीं करता, अच्छा भोजन, सिर्फ अच्छा भोजन होता है, चाहे देखने में जैसा भी हो। मैं पक्षपाती हो सकता हूं, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि मुंबई में खाद्य संस्कृति पिछले एक दशक में बहुत विकसित हुई है .. इतने सारे नए रेस्तरां और प्रतिभाशाली शेफ के साथ, यह अब सभी खाद्य पदार्थों के लिए एक आश्रय है।

मैं हर देश से अलग-अलग व्यंजनों और विशेष वस्तुओं को आजमाना पसंद करता हूं और जब भी मैं फिर से यहां आता हूं तो मुझे अपने पसंदीदा खाना का पता चलता है! मेरे मैनेजर जलाल उन देशों/शहरों के प्रसिद्ध खाद्य पदार्थों पर पहले शोध करते हैं, फिर मुझे बताते हैं। मैं एक अच्छे डाइट-चार्ट का पालन करता हूं जो मेरी सेहत के लिए जरूरी है। इन दिनों मैं हफ्ते में एक दिन 24 घंटे के उपवास के नियम का पालन कर रहा हूं। लेकिन मेरा आहार इस बात पर भी निर्भर करता है कि मेरा काम का दिन कैसा है।

## दिशा पाटनी ने शुरू की 'एक विलेन रिटर्न्स' की शूटिंग



दिशा पाटनी ने शुरू की 'एक विलेन रिटर्न्स' की शूटिंग बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी ने अपनी आने वाली फिल्म 'एक विलेन रिटर्न्स' की शूटिंग शुरू कर दी है। दिशा और जॉन अब्राहम ने वर्ष 2014 में प्रदर्शित फिल्म 'एक विलेन' की अगली कड़ी 'एक विलेन रिटर्न्स' की शूटिंग शुरू कर दी है। बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी ने अपनी आने वाली फिल्म 'एक विलेन रिटर्न्स' की शूटिंग शुरू कर दी है। दिशा और जॉन अब्राहम ने वर्ष 2014 में प्रदर्शित फिल्म 'एक विलेन' की अगली कड़ी 'एक विलेन रिटर्न्स' की शूटिंग शुरू कर दी है। दोनों स्टार्स ने अपने सोशल मीडिया पर इस संबंध में जानकारी साझा की है। दिशा ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें उनकी पीठ कैमरे की तरफ दिखाई दे रही है। शेयर तस्वीर में अभिनेत्री ब्लैक कलर की जैकेट पहनी हुई हैं। जैकेट पर साफतौर से 'एक विलेन रिटर्न' लिखा हुआ देखा जा सकता है। शेयर तस्वीर को उन्होंने कैप्शन देते हुए लिखा, एंड हियर वी गो हैशटैग एकविलेनरिटर्न।' इस पोस्ट पर अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने कॉमेंट किया, ऑल द बेस्ट विलेन। जॉन अब्राहम ने भी अपने अकांउट पर शूटिंग शुरू होने से जुड़ी फोटोज शेयर की हैं।

# सोनाक्षी सिन्हा ने की अगली फिल्म बुलबुल तरंग की घोषणा



बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने इंस्टाग्राम पर अपनी अगली परियोजना की घोषणा की। अभिनेत्री को अगली बार ओटीटी रिलीज बुलबुल तरंग में देखा जाएगा। अभिनेत्री ने खुद की एक तस्वीर पोस्ट की जिसमें वह नीली सलवार कमीज में काफी सुंदर दिखाई दे रही हैं। शेयर तस्वीर को उन्होंने कैप्शन देते हुए लिखा, बुलबुल से मिलो .. एक लड़की अपने सपने को सच करने के लिए बाहर निकली। मेरी अगली फिल्म बुलबुल जल्द ही नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग को तैयार। फिल्म को श्रीनारायण सिंह ने निर्देशित किया है और कहा जाता है कि यह एक सच्ची कहानी से प्रेरित है। फिल्म में राज बब्बर और ताहिर राज भसीन भी हैं। सोनाक्षी सिन्हा दबंग, लुटेरा, अकीरा और मिशन मंगल में अपनी भूमिका के लिए जानी जाती हैं, वह अपनी अगली फिल्म भुज- द प्राइड ऑफ इंडिया पर काम कर रही हैं। सोनाक्षी के अलावा, फिल्म में अजय देवगन, संजय दत्त, शरद केलकर, अम्मी विर्क, प्रणिता सुभाष और नोरा फतेही भी होंगी।

# दिनभर मोजा पहनना ठीक नहीं, हो सकती हैं ऐसी परेशानियां



पैरों को आराम देने के लिए कम से कम रात में सोते समय तो मोजा उतार कर ही सोयें। दिनभर मोजा पहने रहना या बहुत तंग मोजा पहनने से कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं....

**1. रक्त संचार प्रभावित होता है**

टाइट मोजा पहनने से पैरों की नसें दब जाती हैं। दबी हुई नसों में खून सही से नहीं दौड़ सकता और इस वजह से रक्त संचार प्रभावित होता है। इससे कई बार बेचैनी महसूस हो सकती है और पैरों में सूजन आ सकती है।

**2 . एड़ी सुन्न हो सकती है**

दिनभर मोजा पहनने से एड़ी के हिस्से में खून कम पहुंच पाता है। इस वजह से कई बार एड़ी सुन्न पड़ जाती है और पैर काम करना बंद कर देते हैं। शरीर के हर हिस्से को काम करने के लिए ब्लड की जरूरत पड़ती है।

**3. एडीमा हो सकता है**

एडीमा में शरीर के हिस्से में तरल पदार्थ एक जगह जम जाता है जिसकी वजह से उस हिस्से में सूजन आ जाती है। देर तक मोजा पहने रहने से और टाइट मोजा पहनने से ब्लड क्लॉटिंग हो सकती है और पैरों में सूजन आ सकती है।

**4. फंगल इंफेक्शन का खतरा**

पैरों से जो पसीना निकलता है मोजा उसे सोखता है। देर तक मोजा पहनने से या टाइट मोजा पहनने से ये पसीना सूख नहीं पाता, जिससे नमी के कारण मोजे में बैक्टीरिया और जर्म्स पैदा हो जाते हैं। इन्हीं बैक्टीरिया से आपके पैरों में फंगल इंफेक्शन हो सकता है।

**5. मोजा खरीदते समय ध्यान रखें**

जब भी मोजा खरीदें इस बात का ध्यान रखें कि ये आपके पैरों के नाप के अनुसार हों।

## बेली डांस डांसिंग की एक शैली हैं इससे मिलते हैं कई फायदे

बेली डांस डांसिंग की एक शैली है। यह डांस बहुत से देशों में लोकप्रिय है तथा इसे करते समय आपके शरीर के बहुत से हिस्से मूव करते हैं। आप चाहें तो बेली डांस करते हुए भी आकर्षक फिगर पा सकते हैं। पर क्या आप जानते हैं बेली डांस के इन फायदों के बारे में....



**सिक्स पैक एब्स:** जब आप बेली डांस करते हैं तो आपके मसल्स बिल्डअप होते हैं। बेली डांस की नियमित प्रैक्टिस की जाए तो कुछ ही दिनों में आपको सिक्स पैक एब्स भी मिल जाते हैं।

**बढाए फलेक्सिबिलिटी:** बेली डांस में आपके शरीर के हर भाग की मूवमेंट होती है। इस डांस की वजह से आपके शरीर में फलेक्सिबिलिटी भी आती है। इसके कारण आप अपने शरीर को बैलेंस करना भी सीख जाते हैं।

**घटता है वजन:** अगर आप आसानी से अपना वजन घटाना चाहते हैं तो बेली डांस के बेहतर तरीका दूसरा हो ही नहीं सकता।

**एनर्जी लेवल बढ़ाता है:** यदि बेली डांस किया जाए तो आपको मानसिक रूप से रिलैक्स महसूस होता है। आप अपने इनर स्टेंथ और एनर्जी लेवल को भी बढा सकते है।

## लता जी का जाना

6 फरवरी 2022 की सुबह जब लता मंगेशकर का मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया, तब भारत ने न केवल अपने महान गायिका को खो दिया, बल्कि एक संगीतकार को भी खो दिया, जिसने फिल्म गायन के शिल्प को बदल दिया। आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेंचमार्क बन गया। लता दीदी को 8 जनवरी को कोरोना महामारी के लक्षण निमोनिया के चलते भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने 6 फरवरी सुबह बताया कि दीदी हमारे बीच नहीं रहीं। लता दीदी एक ऐसे परिवार से रहीं जहां संगीत की पूजा होती थी। उनके पिता दीनानाथ मंगेशकर मराठी रंगमंच में एक विशाल व्यक्तित्व थे। उन्होंने अपने नाटकों के लिए गाने बनाए और गाए, जिन्हों मराठी रंगमंच के चेहरे को बदल देगा। वह नाट्य संगीत के सबसे प्रमुख एक्सपोनेंट्स में से एक थे और एक पूर्ण हिंदुस्तान शास्त्रीय गायक थे। गीत, संगीत, गायन और आवाज की जादूगरी की जब भी चर्चा होती है, सहज और बरबस ही एक नाम लोगों के होठों पर आ जाता है-लता मंगेशकर। गायन के क्षेत्र में अब वे एक मिथक बन चुकी हैं। उन्हें संगीत की दुनिया में सरस्वती का अवतार माना जाता है। 1947 से 2016 तक शायद एक भी ऐसा संगीत-निर्देशक नहीं होगा, जिसने लता से कोई न कोई गीत गवाकर अपने आपको धन्य न किया हो। लताजी के प्रशंसकों की संख्या दिनोदिन बढ़ने लगी। इस बीच उन्होंने उस समय के सभी प्रसिद्ध संगीतकारों के साथ काम किया। अनिल विश्वास, सलिल चैधरी, शंकर जयकिशन, एसडी बर्मन, आरडी बर्मन, नौशाद, मदनमोहन, सी. रामचंद्र इत्यादि सभी संगीतकारों ने लता जी की प्रतिभा का लोहा माना। सात दशक की उनकी स्वर यात्रा में उनकी व्यक्तिगत ख्याति इतनी शिखरों पर आरूढ़ हो गई कि लता जी अगर किसी संगीत-निर्देशक के लिए गाने से इंकार कर दिया तो उसे फिल्म इंडस्ट्री से अपना बोरिया-बिस्तर समेटना पड़ जाता। लताजी बहुत ही सादगीप्रिय एवं सरल स्वभाव की रहीं। इतनी बड़ी कीर्ति और ऐश्वर्य के अभिमान का अहंकार उनमें कभी नहीं देखा गया। उनको आभूषणों का शौक नहीं, पहनने-ओढ़ने का शौक नहीं, खान-पान की भी शौकीन नहीं रहा। भारत की %स्वर कोकिला% लता मंगेशकर की आवाज सुनकर कभी किसी की आंखों में आंसू आए, तो कभी सीमा पर खड़े जवानों को हौंसला मिला। वे न केवल भारत बल्कि दुनिया के संगीत का गौरव एवं पहचान थीं और हमेशा रहेंगी। आज लता जी हमारे सामने विरासत छोड़कर चली गई हैं..। जब बात लता मंगेशकर की होती है तो निन्संदेह इंदौर का नाम पहले आता है। 28 सितंबर, 1929 को इंदौर के सिख मोहल्ले में लता मंगेशकर का जन्म हुआ था। लता मंगेशकर का इंदौर संबंध आत्मीय रहा, हालांकि कई लोगों को इसमें बहुत सी शंकाएं भी रहीं। लेकिन ये अकाट्य सत्य है जिसे उन्होंने सार्वजनिक रूप से स्वीकारा। लता मंगेशकर की निजी जिंदगी स्ट्रगल से भरी हुई थी। पिता के जाने के बाद घर की सारी जिम्मेदारी लता मंगेशकर के कंधों पर आ गई। परिवार की बिगड़ती आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखकर लता मंगेशकर ने खुद पढ़ाई नहीं की लेकिन अपनी छोटी बहनों को पढ़ाया। लता मंगेशकर स्कूल नहीं जाती थीं लेकिन वह घर में रहकर ही पढ़ाई किया करती थीं। क्योंकि लता अपने पिता के साथ मराठी संगीत नाटक में काम किया करती थीं इसलिए 14 साल की होने तक वह बड़े कार्यक्रमों और नाटकों में अभिनय करने लगीं। 1942 में जब लता मंगेशकर के परिवार की हालत सुधरनी शुरू हुई तो उनकी छोटी बहन आशा ने लव मैरिज की जिद पकड़ ली। इस बात पर दोनों में तनाव आ गया और कहते हैं कि दोनों के बीच दूरियां बढ़ गई थीं।

# मेरी आवाज ही मेरी पहचान है गर याद रहे

**ऋतुपर्ण दवे**



स्वर कोकिला, स्वर साम्राज्ञी, हर दिल अजीज, सुरों की मलिका, बच्चे, बड़े, बूढ़े हर किसी को अपनी आवाज से गुनगुनाने को मजबूर करने वाली अजीम शख्सियत लता दीदी कहें लता ताई या लता जी नहीं तो लता मंगेशकर कुछ भी कह लें बड़ी ही खामोशी से खामोश हो गईं। जिसने भी सुना सन्न रह गया, हर किसी को अपनी आवाज से सुकून देने वाली जानी-पहचानी और सबसे अलग आवाज की ऐसी विदाई ने हर किसी को गमगीन कर दिया। सचमुच ऐसा लगता है कि एक युग का अंत हो गया है। चीनी घुली वो, मखमली मीठी आवाज जो उम्र के आखिरी मुकाम तक जस की तस बनी रही बल्कि जवाँ होती रही सचमुच किसी वरदान से कम नहीं थी। इससे भी बढ़कर ये कहें कि दुनिया की उन चंद आवाजों में शुमार बल्कि सबसे बड़े लोकतंत्र और दूसरी आबादी वाली देश की ये महान गायिका ऐसी इकलौती हैं जिनके गीत चौबीसों घण्टे, अनवरत बिना रुके दुनिया भर में कहीं न कहीं अपनी मिठास घोलते रहते हैं। सच में लता मंगेशकर ने जो मुकाम हासिल किया वो बेहद बड़ा बल्कि सबसे ऊंचा था जिसके बाद क्या होता है कोई जानता नहीं है और जानने की कोशिश की।

अद्वितीय प्रतिभा की धनी लता जी की आवाज में जबरदस्त कशिश थी वो लाजवाब थी, मजाक में ही सही अक्सर इस बात पर भी चर्चाएँ सुनाई देतीं थी उनके गले पर रिसर्च होनी चाहिए।1969 में पद्म भूषण,1989 में दादा साहब फाल्के पुरस्कार 1999 में पद्म विभूषण, 2001 में भारत रत्न 2008 में भारत की स्वतंत्रता की 60 वीं वर्षगांठ पर ÷वन टाइम अवार्ड फॉर लाइफटाइम अचीवमेंट÷ सम्मान सहित न जाने कितने प्रतिष्ठित पुरस्कारों एवं सम्मानों से सम्मानित लता दीदी भारत की वो अनमोल रत्न थीं जो तीन पीढ़ियों से सारे देश पर अपनी आवाज से राज कर रहीं थीं और कोई नहीं जानता कि कितने सैकड़े बरस तक राज करती रहेंगी। उनकी सौम्यता और प्रतिभा पर सबको बेहद फक्र है। लता जी वो सितारा हैं जो नाशवान शरीर के रूप में भले ही हम से छिन गयी हो लेकिन अनंत में चमकते तारे के रूप में प्रकृति के साथ चमकती, दमकती रहेंगी। सच है कि एक सूरज, एक चाँद और एक ही लता मंगेशकर ने इस धरती पर अपनी आवाज का जादू बिखेरा। कहने को तो हमेशा यह नारा सुनाई देता है कि जब तक सूरज चाँद रहेगा लता दीदी तेरा नाम रहेगा। लेकिन लता जी के लिए यह हकीकत है। उनकी जगह कोई ले पाए यह मुमकिन नहीं और कोई दूसरी लता मंगेशकर दुनिया में आ पाए यह नामुमिकन है।

8 दशकों के अपने संगीत के सफर में लता ताई ने सुरों की वो माला गूथी और सुरों की जो बंदिगी की है वो बानगी है। अपने सुरों से ना सिर्फ प्लेबैक सिंगिंग को नये आयाम देने वाली बल्कि गायकों की तमाम पीढ़ियों को प्रोत्साहित करने वाली लता जी जन्म 28 सितंबर, 1929 को मध्यप्रदेश के इंदौर में एक मराठी परिवार में जन्मीं। जन्म के साथ उन्हें हेमा नाम दिया गया था लेकिन पिता को पसंद नहीं आया और उन्होंने नाम बदलकर लता रख दिया। उनके पिता पंडित दीनानाथ मंगेशकर मराठी रंगमंच से जुड़े थे। केवल 5 वर्ष की आयु में अपने पिता के साथ नाटकों में अभिनय किया और संगीत सीखने लगीं। जाने माने उस्ताद अमानत अली खां से भी शास्त्रीय संगीत सीखना शुरू किया लेकिन वो विभाजन में पाकिस्तान चले गए। तब अमानत खां से संगीत शिक्षा लीं। पंडित तुलसीदास शर्मा और उस्ताद बड़े गुलाम अली खां जैसी जानी मानी शख्सियतों से भी संगीत के गुर सीखे।

लता जी का शुरुआती सफर चुनौतियों से भरा हुआ था। बॉलीवुड में 1940 के दशक में प्रवेश के साथ वहाँ नूरजहां, शमशाद बेगम और जोहरा बाई अंबाले वाली जैसी वजनदार आवाजों के सामने उनकी महीन आवाज फीकी लगने लगी। लेकिन तब कौन जानता था कि इसी महीन आवाज की मल्लिका एक दिन दुनिया में अपना वो जादू ऐसा बिखेरेगी कि हर कोई उनकी आवाज का दीवाना भर नहीं बल्कि मुरीद होकर रह जाएगा। तब इसी आवाज के चलते उनके कई मौके बेकार गए क्योंकि उस समय बहुत से फिल्म प्रोड्यूसरों और संगीत निर्देशकों को उनकी बहुत ऊंची और पतली आवाज पर भरोसा नहीं था। 1942 में 13 वर्ष की छोटी सी उम्र में सिर से पिता का साया उठने के बाद परिवार की जिम्मेदारी उन पर आ गई और एक बेहद कठिन इम्तिहान से गुजरना पड़ा। पूरा परिवार पुणे से मुंबई आ गया। जहाँ उन्हें फिल्मों में अभिनय से नापसंदगी के बावजूद परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी को उठाने की मजबूरी में अभिनय करना पड़ा।

1942 में %कीर्ती हसाल% के लिए अपना पहला गाना गाया जो उनके पिता को पसंद नहीं आया और उन्होंने फिल्म से गाने को हटवा दिया। 1942 से 1948 के बीच लता ने लगभग आठ हिन्दी और मराठी फिल्मों में काम किया। आखिरकार 7 साल के संघर्ष के बाद वह दौर भी आया जब 1949 में फिल्म %महल% के गाने %आयेगा आने वाला ..% के बाद लता मंगेशकर बॉलीवुड में अपनी पहचान बनाने मे सफल हुईं। इसके बाद वह राजकपूर की फिल्म %बरसात% के गाने %जिया बेकरार है%, %हवा मे उड़ता जाए% जैसे गीत गाने के बाद बॉलीवुड में एक सफल पार्श्वगायिका के रूप मे स्थापित हो गईं और फिर उनकी सफलता का परचम जैसे कदम चूमते हुए आसमान की उन ऊंचाइयों पर जा पहुँचा जहाँ पहुंच पाना किसी के लिए भी नामुमकि है। उन्होंने 36 भाषाओं में 30 हजार से ज्यादा गाने गाए हैं। 1991 में ही गिनीस बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने माना था कि वे दुनिया भर में सबसे अधिक रिकॉर्ड की गई गायिका हैं। लता मंगेशकर को मिले पुरुस्कारों की सूची इतनी बड़ी है कि वह पूरी हो जाए यह भी नामुमकिन सा है। देश-विदेश में संगीत और गायन के क्षेत्र में मिले अनगिनत पुरुस्कारों का अनवरत सा सिलसिला है। उनके पुरुस्कारों को यदि एक जगह संग्रहित किया जाए तो यह भारत की अनमोल विरासत वाला नया म्यूजियम होगा। आगे ऐसा ही हो यह उम्मीद की जा सकती है।

नेहरू जी के बारे में जाहिर था कि वो कभी सार्वजनिक तौर पर रोते नहीं दिखे और न किसी को देखना पसंद करते थे। 27 जनवरी 1963 को जब लता मंगेशकर ने राष्ट्रपति डॉ. एस राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की मौजूदगी में नेशनल स्टेडियम में ऐ मेरे वतन के लोगों.... गाना गाया तो नेहरू जी की आंखें छलक गईं। लता ताई को बस एक ही अफसोस ता-उम्र रहा कि रियाज में कभी भी कमीं नहीं करने वाली और बहुत छोटी सी उम्र में जिस शास्त्रीय संगीत को सीखा उससे वो दूर हो गईं। 1942 से 2015 तक के लंबे करियर में 1942 में आई मराठी फिल्म 'पहली मंगलागौर' में गाना गाया। हिंदी फिल्मों में उनकी एंट्री साल 1947 में फिल्म 'आपकी सेवा' के जरिए हुई। उन्होंने 80 साल के सिंगिंग करियर में अब तक 36 भाषाओं में करीब 30 हजार से ज्यादा गाने गाए हैं। साल 2015 में लता जी ने आखिरी बार निखिल कामत की फिल्म %डुन्नो वाय 2% में गाना गाया था। अजीब दास्तां है ये..., अल्लाह तेरो नाम..., होठों पे ऐसी बात...,कितनी अकेली कितनी तन्हा..., आप की नजरों ने समझा..., मेरा साया..., तस्वीर तेरे दिल में, बिन्दिया चमकेगी...., इन्हीं लोगों ने ले लीना दुपट्टा मेरा..., बीती न बिताई..., रूठे-रूठे पिया.... ऐसे न जाने कितने गीत हैं जिन्हें समेटने में ही कई पुस्तकें भर जाएँगी। यह तो सच है समूची दुनिया में इस वक्त भी लता जी के गीत गुनगुनाए और सुने जा रहे हैं। बस नहीं है तो वो खुद जो अनंत में विलीन होकर भी अपनी मंत्रमुग्ध आवाज को सुन आनन्दित हो रही होंगी और ईश्वर भी इस नायाब कोहिनूर को अपने श्री चरणों में पा चकित तो होगा।

## मन की शक्ति

मन को जीवन का केंद्रबिंदु कहना असंभव नहीं है। मनुष्य की क्रियाओं, आचरणों का प्रारंभ मन से ही होता है। मन तरह-तरह के संकल्प, कल्पनाएं करता है। जिस ओर उसका रुझान हो जाता है उसी ओर मनुष्य की सारी गतिविधियां चल पड़ती है। जैसी कल्पना हो उसी के अनुरूप प्रयास-पुरुषार्थ एवं उसी के अनुसार फल सामने आने लगते हैं। मन जिधर रस लेने लगे उसमें लौकिक लाभ या हानि का बहुत महत्व नहीं रह जाता। प्रिय लगने वाले के लिए सब कुछ खो देने और बड़े से बड़े कष्ट सहने को भी मनुष्य सहज ही तैयार हो जाता है। मन यदि अच्छी दिशा में मुड़ जाए; आत्मसुधार, आत्मनिर्माण और आत्मविकास में रुचि लेने लगे तो जीवन में एक चमत्कार हो सकता है। सामान्य श्रेणी का मनुष्य भी महापुरुषों की श्रेणी में आसानी से पहुंच सकता है। सारी कठिनाई मन को अनुपयुक्त दिशा से उपयुक्त दिशा में मोड़ने की ही है। इस समस्या के हल होने पर मनुष्य सच्चे अर्थ में मनुष्य बनता हुआ देवत्व के लक्ष्य तक सुविधापूर्वक पहुंच सकता है। शरीर के प्रति कर्तव्य पालन करने की तरह मन के प्रति भी हमें अपने उत्तरदायित्वों को पूर्ण करना चाहिए। कुविचारों और दुर्भावनाओं से मन गंदा, मलिन और पतित होता है, अपनी सभी विशेषता और श्रेष्ठताओं को खो देता है। इस स्थिति से सतर्क रहने और बचने की आवश्यकता का अनुभव करना हमारा पवित्र कर्तव्य है। मन को सही दिशा देते रहने के लिए स्वाध्याय की वैसी ही आवश्यकता है जैसे शरीर को भोजन देने की। आत्मनिर्माण करने वाली जीवन की समस्याओं को सही ढंग से सुलझाने वाली उत्कृष्ट विचारधारा की पुस्तकें पूरे ध्यान, मनन और चिंतन के साथ पढ़ते रहना ही स्वाध्याय है।

# गाय : धर्म के नाम पर अधर्म का व्यवसाय ?

**निर्मल रानी**



गौपालन को हमारे देश में शताब्दियों से गौधन अथवा पशुधन के रूप में देखा जाता रहा है। खेती किसानी करने वालों के लिये तो गौपालन कृषि के सहयोगी व्यवसाय का एक प्रमुख हिस्सा माना जाता था। परन्तु खेती बाड़ी में भी आधुनिक व उन्नत कृषि साधनों के बढ़ते प्रयोग के चलते धीरे धीरे गाय-बैलों का इस्तेमाल कम होता गया। हल-बैल की जगह ट्रैक्टर्स ने ले ली, बैलगाड़ी की जगह ट्रैक्टर ट्रॉलियां चलने लगीं,तो ज़ाहिर है गोवंश के महत्व व उसकी उपयोगिता में कमी आ गयी। परन्तु इसी के साथ साथ गोवंश का हिन्दू धर्म में धार्मिक महत्व होने के चलते यहाँ तक कि हिन्दू धर्म में गाय को माता के रूप में स्वीकार किये जाने के चलते इसके प्रति आम हिन्दुओं की धार्मिक भावनायें भी जुड़ी हुई हैं । और भावनाओं की राजनीति करने में देश की सबसे माहिर भारतीय जनता पार्टी इस तरह के मुद्दों को न केवल भुनाती आई है बल्कि गौवंश की सुरक्षा के नाम पर अपने विपक्षियों पर भी हमलावर होती रही है।

परिणाम स्वरूप जिस तरह पिछले दिनों भोपाल के निकट बैरसिया तहसील में कथित रूप से एक भाजपा नेत्री की गोशाला में व इसके इर्द गिर्द के खुले मैदान एवं खेतों में सैकड़ों गायों के सड़ते हुये शव व गोवंश के कंकाल पाये गये हैं इसी तरह की अनेकानेक घटनायें भाजपा व सत्ता के संरक्षण में चलने वाली अनेक गौशालाओं में पहले भी हो चुकी हैं।सत्ता संरक्षण में चलने वाली इन गौशालाओं में पाई जाने वाली अनियमिता,भ्रष्टाचार व क्रूरता के बावजूद सरकार पर ऐसे गौशाला संचालकों को बचाने व इनका सहयोगी बनने का भी आरोप लगता रहा है। इसका केवल एक ही कारण है कि गौमाता का बखान करने व इसे गौमाता के रूप में आम लोगों की भावनाओं से जोड़ने वाली भाजपा व इसकी सरकारों में गौवंश संरक्षण के लिये न तो कोई स्पष्ट नीति है न ही नीयत। देश के अधिकांश राज्यों विशेषकर उत्तर भारत के राज्यों में किसान छुट्टा व बेलगाम घूमने वाले इन पशुओं से कितना परेशान हैं यह वही जानते हैं। एक तरफ़ तो घाटे की खेती बाड़ी करता किसान,बीज, बिजली, तेल, खाद आदि की आसमान छूती क़ीमतों के बावजूद केवल खेती की परंपरा निभाता छोटा व मध्यम किसान अपनी फ़सल को इन बेलगाम छुट्टा पशुओं से बचाने के लिये दिन-रात कैसे अपनी फ़सल की रखवाली करता है यह उस राजनैतिक वर्ग को नहीं पता जो गाय के नाम का प्रयोग केवल हिन्दू समाज के लोगों की भावनाओं को भड़काने के लिये करते हैं। छुट्टा गौवंश से जो किसान दुखी हैं या जिनकी तैयार फ़सलें ये पशु चर जाते हैं वे भी तो अधिकांशतः हिन्दू ही हैं? वे भी तो गाय को माता ही मानते हैं ?

सरकार की गौवंश के प्रति अदूरदर्शी नीतियों का ही परिणाम है कि आज प्रतिदिन पूरे देश में सैकड़ों दुर्घटनायें इन्हीं छुट्टे जानवरों के कारण हो रही हैं। कई बार भीड़ भरे चौराहों व सड़कों पर सांडों का संघर्ष होते व इसके कारण कारों व अन्य वाहनों को दुर्घटनाग्रस्त होते व टूटते देखा गया है। सड़कों व चौराहों के बीचोबीच बैठना इन जानवरों की फ़ितरत है जिसका ख़ामियाज़ा आम लोगों को भुगतना पड़ता है। कई राज्यों में सरकार ने बिजली के मीटर घरों के बाहर और अधिकांशतयः बिजली के खंबों पर ही लगवा दिये हैं। प्रायः गोवंश इन बिजली मीटरों से अपनी सींग व सिर रगड़ते दिखाई देते हैं। नतीजतन बिजली के मीटर तो क्षतिग्रस्त होते ही हैं साथ साथ इन पशुओं को करेंट लगने का ख़तरा भी बना रहता है।परन्तु तथाकथित गौवंश प्रेमियों की नज़र इस ज़मीनी हक़ीक़त की ओर कभी नहीं जाती। देश और राज्यों की राजधानियों में बैठ कर गाय के प्रति प्रेम दर्शाने वालों को उन करोड़ों किसानों से इस समस्या को लेकर भुक्तभोगी देशवासियों से भी तो संवाद स्थापित करना चाहिये। वैसे भी केंद्र सरकार का गोवंश प्रेम उस समय और भी हास्यास्पद प्रतीत होता है जब गौमाता के संरक्षण का दावा करने वाली इसी सरकार के गृह राज्य मंत्री किरण रिजुजू गौ भक्षण की पैरवी करते हों और स्वयं भी गौमांस खाने की बात सार्वजनिक रूप से स्वीकार करते हों।

# कच्चा या अधपका न खाएं, शरीर में जमा हो जाएंगे जहरीले तत्व

## सूडोकु नवताल- 5975

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | | | 6 |
| | 6 | | | 9 | 7 | 1 | | |
| 7 | 2 | | | | | | 5 | 3 |
| | | 5 | 6 | 3 | | | 9 | |
| 5 | | | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 1 | | 3 | 7 | 5 | | 2 | 6 | 8 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5974 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 8 | 1 | 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 3 | 7 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 4 | 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 7 |
| 8 | 6 | 2 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 5 | 2 |

**डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**



सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल ऐंड प्रिवेंशन के अनुसार, पशु आधारित कच्चे खाद्य पदार्थों के दूषित होने की सबसे अधिक संभावना है। इसका मतलब यह है कि अगर आप कच्चा या अधपका मांस और चिकन, कच्चे या हल्के पके हुए अंडे, कच्चा दूध और कच्ची मछली का सेवन करते हैं, तो आपको फूड पॉइजनिंग का खतरा हो सकता है।

बेहतर स्वास्थ्य के लिए बेहतर खान-पान जरूरी है। खाने में किसी भी तरह की लापरवाही आपकी सेहत के लिए भारी पड़ सकती है। लोग जाने-अनजाने ऐसी चीजों का सेवन करते रहते हैं, जो शरीर में विषाक्त पदार्थ जमा करती रहती हैं। सभी चीजों को बनाने और खाने का तरीका अलग-अलग होता है। ऐसा माना जाता है कि खाने की कुछ चीजों में ऐसे जहरीले तत्व पाए जाते हैं जिनसे विभिन्न तरह की समस्याएं हो सकती हैं। इन चीजों में हानिकारक कीटाणु हो सकते हैं, जो भोजन के दूषित करने के साथ आपको बहुत बीमार कर सकते हैं।

सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल ऐंड प्रिवेंशन के अनुसार, पशु आधारित कच्चे खाद्य पदार्थों के दूषित होने की सबसे अधिक संभावना है। इसका मतलब यह है कि अगर आप कच्चा या अधपका मांस और चिकन, कच्चे या हल्के पके हुए अंडे, कच्चा दूध और कच्ची मछली का सेवन करते हैं, तो आपको फूड पॉइजनिंग का खतरा हो सकता है। सीडीसी का मानना है कि फल और सब्जियां भी दूषित हो सकती हैं। खाने की कुछ चीजें आपको बीमार कर सकती हैं। कोई भी खाने की चीज खेत में, प्रोसेसिंग के दौरान फूड प्रोडक्शन चेन के दौरान दूषित हो सकती है। चलिए जानते हैं कि वो कौन से खाद्य पदार्थ हैं, जो विषाक्तता से अधिक जुड़े हुए हैं और उनसे बीमार होने से कैसे बचा जा सकता है। कच्चा और अधपका मांस या चिकन आपको बीमार कर सकते हैं। अधिकांश कच्चे मुर्गे में कैम्पिलोबैक्टर होता है। इसमें साल्मोनेला, क्लोस्ट्रीडियम परफिरिंगेंस और अन्य बैक्टीरिया भी हो सकते हैं। कच्चे मांस में साल्मोनेला, ई. कोलाई, यर्सिनिया और अन्य बैक्टीरिया हो सकते हैं। इन्हें बनाने पहले आपको अच्छी तरह धोना चाहिए और पकाते समय कच्चा नहीं छोड़ना चाहिए।

ताजे फल और सब्जियां खाने से महत्वपूर्ण स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं, लेकिन कभी-कभी कच्चे फल और सब्जियां साल्मोनेला, ई कोलाई और लिस्टेरिया जैसे हानिकारक कीटाणुओं से खाद्य विषाक्तता का कारण बन सकती हैं। ताजे फल और सब्जियां खेत से घर तक की यात्रा के दौरान कहीं भी दूषित हो सकती हैं। इन्हें पकाने से पहले अच्छी तरह धोएं और अधपका न छोड़ें।

आप कच्चे (अनपास्चराइज्ड) दूध और उससे बने उत्पादों से बहुत बीमार हो सकते हैं. इन चीजों में सॉफ्ट चीज़, आइसक्रीम और दही भी शामिल हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि कच्चा दूध हानिकारक कीटाणुओं से भरा हो सकता है, जिनमें कैम्पिलोबैक्टर, क्रिप्टोस्पोरिडियम, ई. कोलाई, लिस्टेरिया और साल्मोनेला शामिल हैं। आपको कच्चा दूध पीने से बचना चाहिए।

अंडेमें साल्मोनेला नामक एक जर्म हो सकता है जो आपको बीमार कर सकता है। भले ही अंडा साफ और बिना फटा दिखे लेकिन ऐसा हो सकता है। कच्चे या अधपके अंडे से रेसिपी तैयार करते समय पास्चुरीकृत अंडे और अंडे के उत्पादों का उपयोग करें। अंडे को तब तक पकाएं जब तक कि जर्दी और सफेद हिस्सा सख्त न हो जाएं।

आटा आमतौर पर एक कच्चा कृषि उत्पाद है जिसका बैक्टीरिया को मारने के लिए कोई ट्रीटमेंट नहीं किया जाता है। यही वजह है कि हानिकारक कीटाणु अनाज को दूषित कर सकते हैं। आटे से बने भोजन को पकाने से जीवाणु मर जाते हैं। इसलिए आपको कभी भी कच्चा आटा नहीं चखना चाहिए। कच्ची रोटी खाने से भी खतरा बढ़ सकता है। इसके अलावा सामूहिक भोज में परोसी जानी वाली सलाद भी बहुत नुकसानदायक होती हैं कारण उनका रख रखाव में स्वच्छता का आभाव होता हैं .इसके लिए ना भी खाये वह लाभकारी होता हैं।

## हिजाब पर पाबंदी क्यों?

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

कर्नाटक की भाजपा सरकार ने अपने स्कूलों और कालेजों में हिजाब (शिरोवस्त्र) पहनने पर रोक लगा दी है। इसका सीधा असर मुस्लिम छात्राओं पर पड़ेगा। वे अपने सिर पर हिजाब लगाकर पढ़ने आती हैं। उनके अलावा हिंदू और ईसाई लड़कियां अपने सिर पर कुछ भी नहीं पहनतीं। कर्नाटक की सरकार का तर्क है कि उसने यह आदेश 1983 के अपने एक कर्नाटक शिक्षा कानून के तहत जारी किया है, जो कहता है कि छात्र-छात्राओं को वही वेशभूषा पहनकर आना होगा, जिसका प्रावधान सरकार या वह शिक्षा-संस्था करे। इस प्रावधान के विरुद्ध कुछ लोगों ने अदालत में याचिका भी लगा रखी है। सरकार का मानना है कि इस नियम से नागरिकों के मूल अधिकारों का उल्लंघन बिल्कुल नहीं होता। शिक्षा संस्थाओं में सारा वातावरण एकरुपतामय होना चाहिए। कक्षा में बैठनेवालों के बीच जाति, मजहब, ऊँच-नीच आदि का कोई भेद नहीं होना चाहिए। सबको एक-जैसे वातावरण में रहकर ही शिक्षा-ग्रहण करनी चाहिए। यह बात बहुत ही आदर्शमंडित है लेकिन जहां तक हिजाब का सवाल है, उसमें कोई आपत्तिजनक तत्व दिखाई नहीं पड़ता। मुस्लिम महिलाएं ही नहीं, हिंदू महिलाएं भी गांवों में अभी तक घूंघट करती हैं और शहरों में तो वे सिर पर पल्लू भी रखती हैं, जैसे मुसलमान सिर पर तुर्की टोपी और अन्य लोग गोल टोपी या पगड़ी पहनते हैं। लेकिन यह सब काम शिक्षण-संस्थाओं में होता है तो वह अलगाववाद का प्रतीक बन जाता है। जो लड़कियां हिजाब पहनती हैं, वे अलग से दिखाई पड़ती हैं कि वे मुसलमान हैं। वे अपने घर या बाजार में अन्यत्र हिजाब पहनें तो उसमें तो कोई बुराई नहीं है लेकिन शिक्षा-संस्थाओं में सबकी वेशभूषा एक-जैसी हो तो यह निश्चय ही बहुत अच्छा है। मैं जब इंदौर के क्रिश्चियन कॉलेज में पढ़ता था, मेरे खड़ाऊ पहनने पर प्राचार्य डेविड ने आपत्ति की तो मैं अपनी खड़ाऊ कालेज के बाहर उतारकर ही अंदर जाता था। इससे भी अलगाव एकदम खत्म नहीं होगा, क्योंकि अरबी-फारसी नामों में तो हर पल अलगाव का भाव होता ही है। मेरा निवेदन है कि भारत के मुसलमानों को सिर्फ वेशभूषा में ही नहीं ,अपने नामकरण और खान-पान में भी अरबों की नकल करना जरुरी नहीं है। यदि वे नाम, वेशभूषा, खान-पान आदि भी एकदम भारतीय ढंग का रखें तो उनके उत्तम मुसलमान होने में जरा भी शक किसी को नहीं होगा। मैंने इंडोनेशिया के मुसलमानों के नाम संस्कृत में देखे हैं। उसके राष्ट्रपति का सुकर्ण था और उनकी बेटी का नाम मेघावती है। अब तो भारत के ईसाइयों ने भी अपने नाम अंग्रेजों की नकल पर रखना बंद कर दिए हैं।

# आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की जिला स्तरीय बैठक आयोजित



**कैलारस।** विकासखंड कैलारस में आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की जिला स्तरीय बैठक रविवार को एएस डिग्री कॉलेज में आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख रूप से श्रीमती प्रमिला गुर्जर प्रांतीय संगठन मंत्री, राजेश राजावत संभागीय अध्यक्ष, संभागीय संयोजक कृष्ण पाल सिंह गुर्जर, संग्राम सिंह तोमर जिला अध्यक्ष, मीडिया प्रभारी फखरुद्दीन खान, हरिओम शाक्य संभागीय कार्यकारिणी सदस्य, रामनरेश धाकड़ ब्लॉक अध्यक्ष कैलारस विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांतीय संगठन मंत्री श्रीमती प्रमिला गुर्जर ने कहा कि सभी शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए आजाद अध्यापक शिक्षक संघ संकल्पित है, आप संगठित होकर रहें, आप की जितनी भी समस्या है उनको शासन एवं प्रशासन के समक्ष रखा जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांतीय अध्यक्ष राजेश राजावत ने कहा कि हम गुरुजी और समस्त शिक्षक संवर्ग की मांगों के के निराकरण हेतु प्रयास करेंगे तथा क्रमोन्नति साहित् अन्य आदेश जारी किए जाएंगे। बैठक को संबोधित करते हुए संभागीय संयोजक कृष्णपालसिंह गुर्जर ने कहा कि सभी शिक्षक साथी चिंतित ना हों, उनकी सभी समस्याओं के निराकरण के लिए हम प्रभावी कदम उठायेंगें। बैठक के दौरान बीएसी एवं मीडिया प्रभारी फखरुद्दीन खान ने कहा कि आप सभी शिक्षक संगठित रहें। आपकी सभी समस्याएं चाहे डीए हो, चाहे क्रमोन्नति हो, सातवें वेतनमान की मांग हो या ओल्ड पेंशन की मांग हो अथवा क्रमोन्नति की मांग और नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता की मांग हो सभी समस्याओं के निराकरण के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ इसके लिए शासन स्तर पर विचार विमर्श कर रहा है तथा शीघ्र ही आदेश प्रसारित कराने का प्रयास होगा। इस अवसर पर बैठक का संचालन बीएसी राजपाल सिंह धाकड़ द्वारा किया गया, कार्यक्रम का आभार लोकेंद्र श्रीवास्तव द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पहाड़गढ़ के ब्लॉक अध्यक्ष अशोक धाकड़, सबलगढ़ के ब्लॉक अध्यक्ष प्राण सिंह रावत, जौरा अध्यक्ष दिलीप त्यागी, बीएसी दिलीप रावत, जन शिक्षक मोहन तिवारी, श्रीराम धाकड़, मुरारी लाल धाकड, राहुल शर्मा, सुशील उपाध्याय, वरुण मुद्गल, जितेन्द्र सिंह धाकड़, सत्येंद्र सिंह धाकड़, गजाधर प्रसाद धाकड़, रामदास नरवरिया, कमलेश धाकड़, रमन शाक्य, मनोज धाकड़, कमलेश धाकड़, कोक सिंह रावत, सत्येंद्र सिंह जादौन, दर्शन लाल जाटव, राम अवतार, बलवीर सहित सभी पदाधिकारी गण एवं शिक्षक गण विशेष रूप से उपस्थित रहे।


## अवकाशों में पटवारियों से कार्य व बैठक लेने पर होगा आंदोलन

**मुरैना।** मप्र पटवारी संघ तहसील ईकाई जौरा द्वारा तहसीलदार जौरा कल्पना शर्मा को ज्ञापन प्रस्तुत कर बताया गया कि मप्र शासन द्वारा निर्धारित सार्वजनिक व शासकीय अवकाश में पटवारियो की बैठक, प्रशिक्षण आयोजित ना किए जायें व उनसे अन्य कार्य ना कराये जायें, अन्य शासकीय सेवकों की भाँति पटवारियों को शासकीय अवकाशों का उपभोग कर परिवार के साथ समय व्यतीत करने दिया जाए। ज्ञापन में बताया गया कि आये दिन शासकीय अवकाश के दिनो में अधिकारियो द्वारा कार्य लिये जाने से पटवारियों पर निरंतर मानसिक दबाब निर्मित हो रहा हैं, जिससे उनके स्वास्थ पर प्रतिकूल असर पड रहा हैं और पारिवारिक सामाजिक परेशानियॉ उत्पन्न हो रही हैं। पटवारी संघ द्वारा कहा गया कि यदि ज्ञापन उपरांत भी अधिकारियो द्वारा शासकीय अवकाशों में पटवारियों से कार्य व बैठक ली जाती है तब ऐसी स्थिति में मजबूरन पटवारी संघ आदोंलन एवं नियमानुसार विधिक कार्यवाही के साथ माननीय न्यायालय में जाने हेतु बाध्य होगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी। ज्ञापन तहसील ईकाई जौरा की कार्यकारिणी के सचिव मानवेन्द्र सिकरवार, प्रवक्ता आरती बंसल, कोषाध्यक्ष मनीष शर्मा, संयोजक श्यामसुन्दर शर्मा, प्रदेश कार्यालय मंत्री देवेन्द्र पाराशर, अंकित गुप्ता, रामकुमार शर्मा, रक्षा डण्डोतिया, विजय सिकरबार, अमित, दिलीप गुर्जर, स्मृति राजपूत व अन्य पटवारी द्वारा दिया गया।

### प्रेम प्रसंग के चलते हुई सोनू की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

**मुरैना।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सिकरौदा रेलवे ट्रैक पर विगत दिनों सोनू शर्मा की लाश पुलिस द्वारा बरामद की गई और मर्ग कायम कर मामले की जांच की गई, जिसमें खुलासा हुआ है कि सोनू की हत्या प्रेम प्रसंग के चलते हुई है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के निर्देशन में सिविल लाइन थाना प्रभारी ने मामले का पर्दाफाश करते हुए बताया कि मृतक सोनू शर्मा पुत्र बादशाह शर्मा 18 वर्ष निवासी हडबांसी का रामनरेश शर्मा की लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था और दोनों शादी करना चाहते थे, लेकिन लड़की के परिजन इसके लिए तैयार नहीं थे। घटना दिनांक को लड़की के परिजनों ने शादी का लालच देकर सोनू शर्मा को सिकरौदा बुलाया और रेलवे ट्रैक पर उसकी मारपीट कर घायल कर दिया। घायल सोनू को इलाज के लिए ग्वालियर रैफर किया गया, जहां उसकी दौराने इलाज मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच की और पाया कि सोनू की हत्या प्रेम प्रसंग के चलते की गई है।

# हजारों लोगों की उपस्थिति में आर्यिका आर्षमति माताजी का गणिनी पद प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न



**अम्बाह।** सिंहोनियां अतिशय क्षेत्र में भव्य वेदी प्रतिष्ठा एवं आर्यिका दीक्षा महोत्सव के दौरान परम पूज्य सराकोद्धारक षष्ट पट्टाचार्य श्री 108 ज्ञानसागर जी महाराज के आज्ञानुवर्ती, परम शिष्य सप्तम पट्टाचार्य ज्ञेयसागर जी महाराज ने समस्त संघस्थ साधुओं, विद्वानों एवं सैकडों की संख्या में साधर्मी बन्धुओं, माता-बहिनों की उपस्थिति में पूज्य गुरुदेव आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज की अंतिम दीक्षित शिष्या संघस्थ आर्यिका श्री 105 आर्यिका आर्षमति माताजी को गणिनी पद शुभ मुहूर्त एवं शुभ समय में प्रदान किया। इस अवसर पर पूज्य ज्ञेय सागर ने मंत्रोच्चारण के बीच हजारों लोगों की मौजूदगी में आर्षमती माता जी को गणिनी आर्यिका आर्षमति माता जी के नाम से संबोधन दिया।


इस पुण्य अवसर पर गणिनी 105 श्री आर्षमति माता जी को नवीन पिच्छिका भेंट करने और पुरानी पिच्छिका प्राप्त करने का सोभाग्य, माता जी को वस्त्र भेंट करने का सोभाग्य सोनू जैन, रिंकू जैन बरहाना को प्राप्त हुआ एवं माता जी को शास्त्र भेंट करने का सोभाग्य अभिषेक जैन, अनिकेत जैन, और पाद प्रक्षालन का सोभाग्य विवेक जैन, मनोज जैन चेंटा वाले को प्राप्त हुआ। गणिनी पद प्रतिष्ठा के उपरांत पूज्य माता जी को गणिनी पद की प्रशस्ति चरणों मे समर्पित की गई। इसके उपरांत ज्ञेय सागर जी महाराज ने प्रवचन के माध्यम से लोगों को संयमित जीवन की सलाह दी एवं गणिनी आर्षमती माता जी से तीर्थराज सम्मेद शिखरजी की यात्रा करने की बात कही।

# समय-सीमा में जानकारी नहीं देने पर सिविल सर्जन पर 2750 रूपये जुर्माना लगाया

**मुरैना।** लोकसेवा गारंटी पोर्टल पर प्राप्त एक आवेदन पत्र में निर्धारित समय-सीमा के अंदर सेवा प्रदाय नहीं करने के आरोप में सिविल सर्जन डॉ. विनोद गुप्ता को 2 हजार 750 रूपये जुर्माने की शास्ति अधिरोपित की गई है। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न होने के लिये सचेत भी किया गया है।

प्राप्त आदेश के अनुसार लोकसेवा गारंटी अधिनियम के तहत सिविल सर्जन डॉ. गुप्ता को 23 दिसम्बर 2021 को लोकसेवा गारंटी पोर्टल पर एक आवेदन पत्र भेजा गया, जिसका निराकरण नियत दिनांक तक नहीं किया गया। समयावधि में सेवा प्रदाय नहीं करना लोकसेवा गारंटी अधिनियम 2010 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है। अधिनियम की धारा 7(1)(ख) के प्रावधानों के अनुसार पदाभिहित अधिकारी पर सेवा में विलंब के कारण प्रकरण पर प्रतिदिन 2750 रूपये दंडित करने का प्रावधान है।


जुर्माने की वसूली संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी के द्वारा सिविल सर्जन के आगामी माह के वेतन से की जाकर उसे शीर्ष 0070(70)(800) में जमा कर चालान की प्रति कलेक्टर कार्यालय को भेजने के निर्देश दिये गये है। यह जुर्माने की राशि संबंधित हितग्राही को भुगतान की जायेगी, जिसको सेवा प्रदाय की जाना थी।




# पुराना नीम का पेड़ बिजली के तारों पर गिरा, तार व खंबे टूटे, बिजली व्यवस्था फेल

**मुरैना।** रविवार की दोपहर 12 बजे के लगभग महादेव नाका के पास एक पुराना नीम का पेड़ बिजली के तारों पर गिरा और तार के साथ खंबे टूट गए, जिससे आधे शहर की बिजली व्यवस्था ध्वस्त हो गई। महादेव नाका वासियों ने बताया कि हाकिम सिंह की डेयरी के पास 12 बजे अचानक पुराना नीम का पेड़ गिर पड़ा और बिजली के तार एवं कुछ खंभे टूटकर जमीन पर आ गए, जिससे रास्ता अवरुद्ध हो गया और आधे शहर की बिजली आपूर्ति बंद हो गई, जो शाम तक नहीं आई। सूचना देने के घंटों पश्चात नगर निगम की जेसीबी एवं विद्युत विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे तथा पेड़ को काटकर तार पर से हटाया गया। समाचार लिखे जाने तक विद्युत कर्मचारी कार्य में जुटे हुए थे।





# सम्पूर्ण समाज की सेवा जीवन भर करता रहूंगा: मावई

## देवनारायण मंदिर पर चल रहे भागवत सप्ताह मैं शामिल हुए मुरैना विधायक

**मुरैना** विधायक राकेश मावई ने घाटीगांव सिरसा देवनारायण मंदिर पर चल रहे भागवत सप्ताह मैं श्रोताओं को संबोधित एवं सर्व समाज के होनहार बच्चों को पुरस्कृत कर देवनारायण भगवान व शीतल दास महाराज के दर्शन प्राप्त किए एवं जनसमूह को संबोधित किया। श्री मावई ने कहा कि आप लोगों के आशीर्वाद से बुजुर्गों, माता-बहनों की कृपा से मेरे परिवार में एक तीसरी पीढ़ी के रूप में मुझे विधायक बनाया। उसके लिए मैं बहुत-बहुत धन्यवाद अर्पित करता हूं और मैं आह्वान करता हूं, चाहे मैं पद पर रहूं या ना रहूं। ईश्वर की कृपा और आप लोगों के आशीर्वाद से मुझे सेवा का जो अवसर दिया है, में संपूर्ण समाज व गुर्जर समाज की सेवा जीवन भर करता रहूंगा। विधायक ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक उत्सव के अवसर पर दूर-दराज से आए हुए सभी सम्मानित मेरे बुजुर्ग, नौजवान साथी, माता-बहनें देवनारायण भगवान की कृपा से आप सब लोगों के मुझे दर्शन हुए उसके लिए में अपने आप को भाग्यशाली मानता हूँ। इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों में आसपास के लोगों का आना-जाना और मिलन होता है। सबको मालूम है कि देवनारायण भगवान गुर्जर समाज ही नहीं संपूर्ण समाज उनको मानता है। देशभर में उनके धार्मिक उत्सव और पूजा होती है। गुर्जर समाज के लिए यह गौरव की बात है कि इस महान संत ने गुर्जर समाज में जन्म लिया। इस अवसर पर विधायक ने देवनारायण भगवान से दुआ और प्रार्थना कर कहा कि संपूर्ण समाज का भला हो और विशेष करके किसान भाइयों का जिनकी फसल कच्ची होती है, पता नही कहाँ प्रकृति रूठ जाए।



# आईये जाने बीज ग्राम योजना के बारे में संक्षिप्त विवरण

बीज, उत्पादन हेतु सबसे महत्वपूर्ण आदान है प्रदेश में विभिन्न फसलों की उत्पादकता बढ़ाने हेतु हमें समुचित मात्रा में बीज का उत्पादन बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है वर्तमान में प्रदेश में विभिन्न फसलों की बीज प्रतिस्थापना दर मानक से कम है अत÷ ऐसी स्थिति को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में बीज ग्राम योजना को प्रारंभ किया गया है

योजना का उद्देश्य÷ बीज ग्राम योजना प्रदेश में 2005-06 से प्रारंभ की गई है इस योजना का उद्देश्य कृषकों को बीज उत्पादन प्रौद्योगिकी से परिचित कराना एवं ग्रामों में बीज संचयन हेतु आधारभूत व्यवस्था का विकास करना है योजना का स्वरूप÷ वर्तमान में यह योजना प्रदेश मध्य प्रदेश के सभी जिलों के चयनित ग्रामों में लागू है योजना के मूल घटक÷ = बीज अनुदान÷ ग्राम के चयनित कृषकों को आधार/प्रमाणित बीज 50त्न अनुदान पर बीज मुहैया कराया जाता है प्रशिक्षण÷ इस योजना के अंतर्गत प्रति प्रशिक्षण ?15000/ 50 प्रशिक्षणार्थियों के मान से व्यय किया जाता है प्रशिक्षण बुवाई के समय,फूल वाली फसल अवस्था पर तथा कटाई के समय किए जाते हैं इन प्रशिक्षणो में कृषक को फसल की विभिन्न अवस्थाओं में बीज उत्पादन प्रौद्योगिकी के दृष्टिगत ध्यान रखने वाले सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं एवं विषयों पर प्रशिक्षण विषय विशेषज्ञों द्वारा दिया जाता है



भंडार कोठी÷ प्रत्येक चयनित कृषक को बीज भंडारण हेतु कोठी की स्थापना हेतु अनुदान योजना अंतर्गत प्रदान किया जाता है 20 कुंटल क्षमता की कोठी स्थापना हेतु अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कृषकों को कोठी लागत का 33त्न या अधिकतम रुपए 3000/ तथा शेष अन्य कृषकों को कोठी लागत का 33त्न या अधिकतम ?2000/ का अनुदान देय है 10 क्विंटल क्षमता की कोठी स्थापना हेतु अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कृषकों को कोठी लागत का 33त्न अथवा अधिकतम ?1500/ तथा शेष अन्य कृषकों को कोठी लागत का 33त्न अथवा अधिकतम ?1000 का अनुदान देय है अनुदान÷ प्रत्येक चयनित कृषक को एक एकड़ के लिए 50त्न अनुदान पर आधार/प्रमाणित बीज प्रदान किया जाता है योजना के तहत प्रशिक्षण में तीन प्रमुख फसल अवस्थाओं, बोनी के समय, फूल अवस्था तथा कटाई के समय कृषकों को प्रशिक्षण दिए जाते हैं दलहन/तिलहन फसलों पर कीमत का 60त्न अनाज वाली फसल कीमत का 50त्न एक कृषक को एक एकड़ हेतु बीज दिया जाता है कृषक को पूरी कीमत पर बीज दिया जाएगा अनुदान कृषकों के खाते में जमा होगा जयदीप सिंह भदोरिया विकास खंड तकनीकी प्रबंधक ÷आत्मा÷ विकास खंड कैलारस, जिला मुरैना। जयदीप सिंह भदोरिया 7 विकासखंड तकनीकी प्रबंधक ÷आत्मा÷ विकास खंड कैलारस,जिला मुरैना।



## डोंबिवली वडेर परिसर में शिलान्यास सामोरह धूम-धाम से सम्पन्न हुआ

**पुष्पाजंलि टुडे**

**मुंबई** =दिनांक 5 फरवरी 2022 को डोंबिवली वडेर मैं शिलान्यास समारोह बड़े ही धूम-धाम से मनाया गया ।सुबह शुभ मुहूर्त में पंडित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शिलान्यास का आयोजन संपन्न हुआ ।जिसमे सम्पूर्ण सीरवी समाज की उपस्थिति में शीला स्थापित की गई। और संत भवर महाराज के द्वारा पूजा अर्चना की गई ।और सभी वडेर के प्रतिनिधि और संत भंवर महाराज का भव्य स्वागत किया गया ।और स्थानीय नेता का भी स्वागत किया गया। और इस शुभ अवसर पर क्रिकेट टीम का भी स्वागत किया। इस दौरान वडेर अध्यक्ष उमेद राम काग ने बताया की सामोरह बहुत ही शानदार तरीके से सम्पन्न हुआ। लोगों में आईमाता मंदिर निर्माण को लेकर बड़ा उत्साह है ।उमेदराम काग ने सभी शिलान्यास बोली लेने वाले बन्दुओं को धन्यवाद दिया।इस कार्यक्रम मे सीरवी समाज के गणमान्य सदस्य व महिलाऐ व कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे

## पेंशन संघ की बैठक हुई,पुरानी पेंशन के लिए बजट सत्र से पहले विधायकों को दिए जाएंगे ज्ञापन



**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-- पुरानी पेंशन बहाली संघ न्यू मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संघ की जिला-स्तरीय बैठक जिला कार्यकारिणी एवं राष्ट्रीय संयोजक जनक सिंह रावत जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह की उपस्थिति मैं जैक एंड जिल स्कूल महल कॉलोनी पर संपन्न हुई द्य संघ के राजेश सोनी एवं दिनकर नीखरा द्वारा बताया गया कि संग पुरानी पेंशन के लिए सड़क से लेकर संसद तक विधानसभा तक अपनी आवाज उठा रहा है कई बार ज्ञापन, पेंशन अधिकार सम्मेलन आयोजित किए गए हैं संगठन ने द्वारा पिछले 3 वर्ष में कई बार विधायकों को ज्ञापन दिए गए थे द्य एक बार फिर बजट सत्र से पहले प्रांतीय आव्हान पर प्रदेश के समस्त विधायकों को ज्ञापन दिए जाएंगे शिवपुरी जिले में भी माननीय विधायक महोदय को पुरानी पेंशन के लिए ज्ञापन दिए जाएंगे माननीय विधायक महोदय से आग्रह किया जाएगा कि कर्मचारियों की पुरानी पेंशन के लिए आप विधानसभा में प्रश्न लगाएं जिससे विधानसभा के पटल पर कर्मचारियों की मांग पर सरकार गंभीरता पूर्वक विचार करें और लाखों कर्मचारियों के हित में पुरानी पेंशन बहाल करें आज बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अधिक से अधिक संख्या में विधायकों को ज्ञापन देने सभी एन.पी.एस. प्राप्त कर्मचारी उपस्थित रहेंगे द्य आज बैठक में देवेंद्र शर्मा ,सिया राम प्रजापति ,संतोष श्रीवास्तव, मेघा गुप्ता, बसंती शर्मा, अवधेश श्रीवास्तव, विजय नामदेव ,दिनेश राठौर, जगदीश शर्मा, रोहित कुमार मेहता, दिनकर नीखरा, नरेश साजोरिया, नीरज मिश्रा, भगवती कबीर, पीतम शाक्य, श्रवण कुमार बाथम, सुल्तान आदिवासी, विजय कुमार शर्मा सहित अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे

## रीवा के कार्यपालन अधीक्षण अभियंता रामानंद सिंह का जन्म दिवस समाजसेवी श्यामू ठाकुर के नेतृत्व में हवन पूजन संत भोज फल वितरण कर बड़े हर्षोल्लास के साथ संकुआ धाम पर मनाया

रीवा के कार्यपालन अधीक्षण अभियंता रामानंद सिंह का जन्म दिवस संकुआ धाम पर बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास संत सम्मान एवं हवन पूजन संत भोज फल वितरित कर वरिष्ठ समाजसेवी श्यामू ठाकुर के नेतृत्व में मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में श्री श्री 1008 नंदकिशोर शरण महाराज जी उपस्थित हुए और उन्होंने अपने मुखविंदर से रामानंद सिंह को अपना आशीर्वाद दिया एवं समाजसेवी श्यामू ठाकुर ने कहा रामानंद सिंह सदैव मददगार सेवाभावी सरल सहज व्यक्तित्व के धनी है और समाज सेवा टीम के मार्गदर्शक हैं और वह एक धार्मिक आध्यात्मिक बहुत ही मिलनसार अधिकारी है उनका जन्म दिवस आज हम समस्त समाज सेवा टीम उपस्थित होकर संत सम्मान संत भोज हवन पूजन व फल वितरित कर संकुआ धाम पर मना रहे हैं ऐसे अवसर हमें वर्ष में सिर्फ एक बार ही प्राप्त होते हैं ऐसे पुनीत अफसरों पर आनंद के साथ पुनीत कार्य कर पुनीत कार्य का आनंद लेना चाहिए कार्यक्रम में उपस्थित जन राहुल चौरसिया आसाराम नामदेव भूपेंद्र शास्त्री निर्वेद सरिता होमगार्ड सैनिक रामप्रकाश यादव राजू रावत जय दयाल बाथम राज पटवा आदि जन उपस्थित रहे



## मारपीट के मामले में फरार चल रहे स्थाई वारंटी को दिगौड़ा पुलिस ने बीरऊ से गिरफ्तार कर जिला न्यायालय में पेश किया।



**जिला ब्यूरो चीफ टीकमगढ़ अजय खंगार की रिपोर्ट**

दिगौड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बीरऊ से दिगौड़ा पुलिस ने आज 2017 के मारपीट के आरोप में फरार चल रहे स्थाई वारंटी युवक को गिरफ्तार कर जिला न्यायालय में पेश किया गया। थाना प्रभारी आर पी चौधरी ने बताया कि माननीय जिला न्यायालय ने स्थाई वारंट जारी किया गया था जिसमें दिगौड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम बीरऊ में 2017 के एक मारपीट के आरोप में फरार चल रहे रिंकू यादव पिता संतोष यादव निवासी बीरऊ को मुखबिर की सूचना पर आज दिगौड़ा पुलिस की टीम ने गिरफ्तार कर जिला न्यायालय में पेश किया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी आर पी चौधरी, प्रधान आरक्षक रंजीत सिंह, आरक्षक मुकेश राय, शैलेन्द्र रावत की अहम भूमिका रही।

## गैर जनपद में चुनाव कराने के लिए जिले से रवाना हुई पुलिस टीम

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**

एटा विधान सभा चुनाव के लिए रिजर्व पुलिस लाइन एटा से ब्रीफिंग के बाद गैर जनपद में मतदान कराने के लिए पुलिस फोर्स को जनपद से आज रवाना किया गया। पहले चरण में जनपदीय पुलिस फोर्स गाजियाबाद जनपद में चुनाव कराएगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह व एएसपी श्री धनंजय सिंह कुशवाह ने सभी पुलिस कर्मियों को वाहनों पर बैठाने के बाद हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जनपद की पुलिस फोर्स विधानसभा चुनाव में प्रथम चरण में गाजियाबाद जनपद में



होने वाले मतदान में मुस्तैद रहेगी। चुनाव ड्यूटी के लिए रिजर्व पुलिस लाइन एटा में पुलिस फोर्स को ब्रीफ करके हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा पार्टियों को रवाना करने से पहले पुलिस लाइन परिसर में सभी को एकत्र कर चुनाव आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों से अवगत कराया। अनुशासन में रहकर अपनी-अपनी ड्यूटी को पूरी निष्ठा के साथ करने की हिदायत दी जिससे कि निष्पक्ष व निर्विघ्न मतदान संपन्न हो सके। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा सभी कर्मचारियों को अपने कर्तव्यों का अच्छी तरीके से निर्वहन करने के लिए आदेशित किया। साथ ही साथ कोविड-19 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इससे सुरक्षा एवं बचाव के लिए सभी लोगों को मास्क, सेनेटाइजर का प्रयोग करने व सतर्क रहकर ड्यूटी करने का निर्देश दिया। कोविड-19 से सुरक्षा एवं बचाव के लिए सभी अधिकारी व कर्मचारियों को फेसशील्ड, मास्क, सैनिटाइजर वितरित किया गया। पुलिस पार्टी लेकर जा रही बसों में प्राथमिक उपचार किट उपलब्ध कराया गया। इसके बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा हरी झंडी दिखाकर पुलिस बल को रवाना किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्री कालू सिंह एवं क्षेत्राअधिकारी लाइन श्री राघवेंद्र सिंह राठौर, प्रतिसार निरीक्षक हरपाल सिंह एवं चुनाव सेल प्रभारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# सरियों से किया प्रहार, पुलिस ने साधारण धाराओं में किया केस दर्ज

### सहरिया क्रांति संयोजक संजय बैचेन ने बनाया राजीनामा का दबाव और झूठे केस में फसाने की दी धमकी।

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी।** ख़बर शिवपुरी से है जहां सोलर पावर प्लान्ट ग्राम गूगरीपुरा पर कार्य करने वाले तीन लोगों द्वारा शराब पीकर उत्पात मचाने मना करने पर गाली गलौच कर मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने और पुलिस थाना सिरसौद में एफआईआर दर्ज कराने के बाद युवक को जिला चिकित्सालय शिवपुरी में भर्ती है जो कि मोत से जूझ रहा है लेकिन आरोपीगणों द्वारा एवं सहरिया क्रांति के जिला संयोजक संजय बैचैन द्वारा इस पूरी घटना में राजीनामा का दबाव बनाने और मना करने पर झूठे केस में फसाने की धमकी दी जा रही है जिसकी शिकायत कोतवाली थाना आकर करना चाही तो व्यक्ति का कोई भी शिकायती आवेदन नहीं लिया गया। पूरा मामला यह है कि द्वारिका यादव प्लांट पर सिक्योरिटी गार्ड का कार्य कर रहा था कि वहाँ पर दो दिन पहले सुरेन्द्र राय जो राजस्थान ने शराब पीकर आया और



युवक से गाली-गलौंच कर अभद्र व्यवहार करने लगा इसके बाद इसके अन्य साथी मनीष व महेन्द्र कुमार तीनों ने लोहे के सरिया लेकर गाली-गलौंच कर युवक के उपर हमला बोल दिया और युवक का सिर फट गया। वहीं युवक लहूलुहान हो गया और उसकी सोने की चैन, सोने की अंगूठी और एक मोबाईल एवं नगदी 10 हजार रूपए जो पर्स में रखे थे जिसको छुडाकर ले गये। जब युवक चिल्लाया तो मौके पर शिवकुमार यादव, रणवीर यादव आ गये थे जिन्होंने युवक को बचाया। वहीं इसी पूरी घटना की रिपोर्ट जब थाना सिरसौद में कराई तो मामूली धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस एवं संजय बैचेन पत्रकार के दबाब के कारण द्वारिका का मेडिकल परीक्षण नहीं कराया गया है। जिसमें प्रार्थी जिला चिकित्सालय भर्ती होकर मौत से जूझ रहा है। यह घटना दिनांक 06.02.2020 को समय 01.00 बजे से 04.00 बजे की है कि प्रार्थी जिला अस्पताल शिवपुरी में भर्ती था वहा पर एकाएक सहरिया क्रांति के जिला संयोजक संजय बैचैन आये और युवक को उक्त रिपोर्ट वापिस लेने व राजीनामा करने हेतु दबाब बनाया एवं फोन करके बोला गया कि अगर राजीनामा नहीं किया तो तेरे ऊपर झूठा प्रकरण या किसी संगीन अपराध में तुझे फंसा दिया जायेगा। जब इस प्रकार की बात चीत हुई तो उस समय मेरे बड़े भाई मौकम यादव, सिरनाम यादव, मुन्ना यादव कल्याण यादव, लोकेन्द्र यादव मौजूद थे इनके सामने मुझे धमकी दी है वहीं आवेदन में युवक ने अस्पताल में मारपीट वाले प्रकरण में राजीनामा करने हेतु और झूठे प्रकरण में फसाने हेतु धमकी देने वाले पत्रकार संजय बैचेन के विरुद्ध उचित कार्यवाही कर मेरी जानमाल की रक्षा की जावे ऐसा शिकायती आवेदन देने जा रहे युवक का कोतवाली पुलिस ने युवक का आवेदन भी नही लिया गया।

## भाजपा मौ मंडल कार्यकर्ताओं ने दी पूर्व मंत्री की पुण्यतिथि पर श्रंद्धाजलि



**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग, पुष्पांजली टुडे मौ।**

भारतीय जनता पार्टी मंडल मो द्वारा पूर्व मंत्री डॉ राजेंद्र प्रकाश की द्वितीय पुण्यतिथि उनके निज निवास शांतिनिकेतन मऊ में मनाई गई श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व मंडल अध्यक्ष हरनारायण कुशवाह पूर्व मंडल अध्यक्ष रघुवीर पवैया पूर्व मंडल अध्यक्ष सरनाम गुर्जर डॉक्टर अवधेश प्रताप सिंह राजू मिश्रा मंडल महामंत्री लल्लू राम कुशवाहा रामवीर कुशवाह चतुर सिंह कुशवाह अशोक कुशवाह अवध नारायण शर्मा रामजी लाल शर्मा पूर्व मंडल उपाध्यक्ष सुल्तान मोंर्य रमेश राठौर रवि यादव ध्यानू जाटव पंचम जाटव जीशान खान महबूब खान पूर्व पार्षद डॉक्टर बेताल गौड़ आदि।

## टीकमगढ़ विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत ककरबाहा में टीकमगढ़ विधायक राकेश गिरी ने जनता दरबार लगा कर के सुनी लोगों की समस्याएं



**जिला ब्यूरो चीफ टीकमगढ़ अजय खंगार की रिपोर्ट**

**टीकमगढ़।** टीकमगढ़ जिले के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत ककरबाहा में टीकमगढ़ विधायक श्री राकेश गिरी के आगमन पर ग्राम बासियों द्वारा सबसे पहले विधायक जी का फूलमाला पहना कर सभी ग्राम वासियों ने जोरदार स्वागत किया गया और फिर जनता दरबार लगाकर लोगो की समस्या सुनी जिसमें मंडल अध्यक्ष श्री भज्जू लोधी बिक्रम सिंह बुंदेला सुजान सिंह बुंदेला ऋषभ जैन नेता प्रवीण जैन मेहरबान सिंह रविन्द्र मिश्रा आकाश जैन कृष्ण कुमार देवलिया उमरी एवं सभी ग्रामवासी उपस्थित रहे इसके बाद विधायक जी राशनखेरा में चल रहे टूर्नामेंट के समापन समारोह में शामिल हुए बिजेता उप विजेता टीम को बधाई दी और कहा की इस प्रकार के आयोजनों से आपसी मेलजोल बढ़ता है और साथ साथ विधायक जी ने लोगों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही उनका निवारण किया और आश्वासन दिया गया कि अगर हमारी विधानसभा में कोई भी समस्या होती है तो तुरंत ही उसका निराकरण कराया जाएगा

## हिमांशु व्यास ने किया आज चौथी बार ए पॉजिटिव ब्लड थैलेसीमिया अवनीत कौर को ब्लड डोनेट



**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-जय मानव सेवा समिति के सदस्य हिमांशु व्यास ने रात के 9ः30 बजे शिवपुरी हॉस्पिटल के ब्लड बैंक पर आकर थैलेसीमिया पीड़ित अवनीत कौर जिसको ए पॉजिटिव ब्लड की जरूरत थी और ब्लड बैंक में यह ब्लड उपलब्ध नहीं था जब समिति के सदस्य हिमांशु व्यास को पता की अवनीत कौर को ए पॉजिटिव ब्लड की जरूरत है तो वह रात में शिवपुरी हॉस्पिटल के ब्लड बैंक में जाकर इस बच्ची के लिए ब्लड डोनेट किया थैलेसीमिया पीड़ित अवनीत कौर को हर 10 दिन में ब्लड लगता है थैलेसीमिया बच्चों को जय माई मानव सेवा समिति शिवपुरी द्वारा इन सभी बच्चों को ब्लड उपलब्ध कराया जाता है जय माई मानव सेवा समिति के रक्त वीर हिमांशु व्यास को बहुत-बहुत धन्यवाद आभार व्यक्त करती है रक्तदान महादान यह देता दूसरों को नया जीवन दिया जाए

# आजाद हिन्द फौज के नायक स्व.कर्नल ढिल्लन की पुण्यतिथि पर श्रृद्धांजलि कार्यक्रम सम्पन्न

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**मोनू नामदेव**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी।** भारत की आजादी के परमवीर योद्धा व आजाद हिन्द फौज के महानायक, पद्म भूषण कर्नल गुरूवख्श सिंह ढिल्लन की 16वीं पुण्यतिथि पर श्रृद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन कर्नल जी.एस.ढिल्लन समाधि स्थल आजाद हिन्द पार्क हातौद में किया गया। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने स्व.ढिल्लन के समाधि पर पुष्प अर्पित कर श्रृद्धांजलि दी। इस मौके पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर भी प्रकाश डाला गया।

सीआरपीएफ सीआईएटी आईजी श्री गिरीश कुमार ने स्व.कर्नल ढिल्लन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपनी कार्यशैली से ढिल्लों ने अपने सीनियर्स को प्रभावित किया करते थे। इसी के परिणाम स्वरूप वो द्वितीय विश्वयुद्ध का हिस्सा बनाए गए। इस जंग में उन्होंने विरोधियों को मुंहतोड़ जवाब दिया था। इसके परिणामस्वरूप वे जापान द्वारा युद्धबन्दी बना लिये गये थे। बाद में 1942 में भारत को स्वतन्त्र कराने के लिए आजाद हिन्द फौज का संगठन हुआ तो ढिल्लो, कर्नल प्रेम सहगल और मेजर जनरल शाह



नवाज ख़ान समेत अन्य योद्धाओं के साथ इसके अभिन्न अंग बन गए और अंग्रेजों को खूब छकाया।

डीआईजी आईटीबीपी डीआईजी श्री राजीव लोचन शुक्ल ने कहा कि यूं तो इस फ़ौज का हर एक सैनिक अपने आप में ख़ास था। मगर एक नाम ऐसा भी था, जिसने अंग्रेजों को भारत छोड़ने पर मजबूर कर दिया। ब्रिटिश सम्राट के खिलाफ युद्ध करने को लेकर इस योद्धा पर ना सिर्फ़ लाल किला ट्रायल नामक ऐतिहासिक मुकादमा चलाया गया, बल्कि प्रताड़ित भी किया गया। मगर वह टूटा नहीं और आजादी के लाखों परवानों को एकता के एक सूत्र में बांध दिया। उन्होंने कहा कि इन महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का जीवन हमें सीखाता है कि राष्ट्र के लिए मर मीटने की हद तक कैसे लड़ा जाता है।

कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह ने कहा कि हम सभी लोग अपने आप को गौरान्वित महसूस करते है कि आज शिवपुरी की धरा पर स्वतंत्रता संग्राम के परमवीर योद्धा की पुण्यतिथि पर आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में भाग ले रहे है।

पुलिस अधीक्षक श्री राजेश सिंह चंदेल ने कहा कि यह शहीदों का प्रताप है कि हम सुखद माहौल में रह पा रहे है। हमें आजादी की कीमत को समझना होगा और देश के लिए जिन्होंने सर्वस्व न्यौछावर कर दिया ऐसे वीर योद्धाओं को याद रखना होगा। तब हम इस देश के सच्चे और जागरूक नागरिक कहलाएंगे।

स्व. ढिल्लन के पुत्र सर्वजीत ढिल्लन ने कहा कि नेताजी के साथ कदम से कदम मिलाकर देश की आजादी के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने वाले महान लोगों में कर्नल ढिल्लन का नाम शामिल है। जिन्होंने गुरिल्ला युद्ध के जनक कहे जाने वाले तात्या टोपे को आदर्श मानकर उसी विद्या में महारत हासिल कर के कई दुश्मनों के दांत युद्ध में खट्?टे किए हैं। इसलिए इन अमर शहीदों को याद करने का सबसे अच्छा माध्यम है कि हम उन्हें अवसर विशेष पर तो याद कर लें और उनके बताए मार्ग पर चिंतन कर अपनी जीवन की दिशा आगे बढ़ाए। कार्यक्रम को एनसीसी बटालियन कर्नल धीरेंद्र सिंह एवं आईबी के प्राचार्य सहदेव सिंह, नितिन शर्मा सहित अन्य सम्मानीय अतिथियों द्वारा भी अपने ओजस्वी विचार मंच से रखे।

इस अवसर पर जेलर श्री बी.एस.मौर्य के नेतृत्व में जयहिन्द मिशन के तत्वाधान में शहर से एक मशाल रैली निकाली गई। जो स्व.ढिल्लन की समाधि स्थल पर पहुंचकर श्रृद्धांजलि दी। इस अवसर पर सीआरपीएफ सीआईएटी आईजी गिरीश कुमार, डीआईजी आईटीबीपी डीआईजी श्री राजीव लोचन शुक्ल, आईबी के प्राचार्य सहदेव सिंह, एनसीसी बटालियन कर्नल धीरेंद्र सिंह, सीआरपीएफ सीओ सुरेश यादव, राज्यमंत्री दर्जा श्री प्रहलाद भारती, जिला अध्यक्ष श्री राजू बाथम, पूर्व विधायक श्री माखनलाल राठौर, श्री मुन्नालाल कुशवाह, तात्याटोपे के वंशज प्रपौत्र सुभाष टोपे एवं कर्नल ढिल्लन के परिवारजन, भारतीय सेना, आइटीबीपी करेरा एवं पुलिस के जवान, सर्वधर्म सभा में सदस्यगण सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आदित्य शिवपुरी ने किया।

# सुमेरपुर के पूर्व विधायक राठौड़ उत्तर प्रदेश के मथुरा में गरजे

### भाजपा के विजय रथ को निरंतर आगे बढ़ाने में पूरा सहयोग करें। मदन राठौड़

**पुष्पांजलि टुडे। नरेश कुमार सिरवी**

**पाली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में योगी सरकार उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 के चुनावी प्रचार में मथुरा जिले के छाता एवं माठ विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने के लिए सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक मदन राठौड़ चुनावी प्रचार में जन चौपाल कार्यक्रम के तहत सहार कस्बे के रामलीला मैदान में विपक्षी दलों पर जमकर बरसे। सुमेरपुर के पूर्व विधायक राठौड़ ने मथुरा में जमकर विपक्षी दलों पर हमला बोला। उन्होंने कहां की भारतीय जनता पार्टी के विजय रथ को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 में एक बार फिर योगी सरकार का नेतृत्व देने के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को भारी से भारी मतों से विजय बनाएं। भारतीय जनता पार्टी



के नेतृत्व में देश में किए गए ऐतिहासिक कार्य को हमेशा याद रखा जाएगा। देश में एकमात्र लोकतांत्रिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी जो सबका साथ सबका विकास की प्रेरणा से देश में कार्य कर रही हैं। देश में मोदी यूपी में योगी की जोड़ी हर क्षेत्र में सफलता की ओर अग्रसर हैं। योगी सरकार के 5 वर्ष के सफलतम कार्यकाल में पिछले उत्तर प्रदेश को नई दिशा दी हैं। उत्तर प्रदेश के चुनावी प्रचार में मदन राठौड़ का मथुरा भारतीय जनता पार्टी जिला परिवार के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। राठौड़ ने मथुरा जिला भाजपा जिला अध्यक्ष मधु शर्मा उत्तर प्रदेश भाजपा प्रदेश मंत्री विजय शिवहरे भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय लवानिया के साथ मथुरा जिले के छाता एवं माठ विधानसभा में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की होने वाली आम सभा के व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## आयुर्वेद को घर-घर पहुंचाना ही हमारा लक्ष्य कहां-इंडिगो सेफ से जुड़कर कोई भी बेरोजगारी को दूर कर सकता है प्रीतम सिंह कुशवाहा

**राकेश परिहार की टीवी न्यूज़ पिछोर, 9691338626**




तहसील नरवर, आज लोगों के अंदर आयुर्वेद योगा होम्योपैथी यूनानी एक्यूप्रेशर और वेकलीपक ज्ञान का रुझान बढ़ा है इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए इंडिगो सेफ ने आयुर्वेद को घर घर पहुंचाने का साहस किया है उक्त बातें कंपनी के टॉप अचीवर पीतम सिंह कुशवाह ने रविवार को स्थानीय नगर करैरा मैं सेमिनार को संबोधित करते हुए कहीं उन्होंने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि इंडिगो सेफ का मुख्य उद्देश्य बेरोजगारी दूर करना है समाज के परिवेश में हर कोई बेरोजगारी से परेशान है अपनी थोड़ी सी मेहनत करके इंडिगो सेफ परिवार से जोड़कर कोई भी अपनी बेरोजगारी से निजात पा सकता है कोरूना काल मैं कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए लोगों को अपनी इम्युनिटी को कैसे बेहतर बनाएं कंपनी का विजन के बारे में जानकारी देते हुए लोगों को स्वरोजगार की प्रेरणा दी कंपनी अपने प्रोडक्ट का प्रचार लोगों से कराती है और उनका कमीशन देती है इंडिगो सेफ ने बेहतरीन व्यापार प्लान को हर युवक युवती के लिए डिजाइन किया है उन्होंने कहा कि इंडिगो सेफ से जुड़ना आम के आम गुठली के दाम बाली कहानी चरितार्थ होती है इस मौके पर कंपनी टॉप अचीवर प्रीतम सिंह कुशवाह राकेश कुशवाहा नंदकिशोर कुशवाहा पंजाब को सुबह दीपक कुशवाह विकास कुमार गुप्ता पत्रकार आदि उपस्थित थे।



## ओबीसी पर हुए हमले को लेकर उचित कार्यवाही एवं सुरक्षा कि की मांग

**जिला ब्यूरो चीफ टीकमगढ़ अजय खंगार की रिपोर्ट**

**टीकमगढ़।** शनिवार को एआईएमएम ने राष्ट्रपति के नाम कलैक्टर टीकमगढ़ ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि आल इण्डिया मजलिस ए इन्तिहादुल मुस्लगीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद वैरिस्टर असुद्दीन ओवैसी पर हुए जानलेवा हमले के आरोपियों पर यूएपए और एनएसए के अंतर्गत कार्यवाही किए जाने की ज्ञापन में बताया गया है कि आल इण्डिया मजलिस ए इन्तिहादुल मुस्लमीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद वैरिस्टर असुद्दीन ओवेसी के ऊपर 3 फरवरी को दिल्ली-मेरठ के मध्य टोल प्लाजा पर दिन दहाडे बन्दुक की गोलियाँ चलाकर हमला किया गया जिसमें ओवेसी सुरक्षित बच गए। उपरोक्त घटना को अंजाम देने वाले दो युवक पकड़े गए बाकी लोग भाग गए। मजलिस ए इन्तिहादुल मुस्लमीन जिला शाखा की ओर से मांग की गई हैं कि आरोपियों की निष्पक्ष जाच की जाए ताकि घटना में शामिल सभी हमलावरों एवं साजिश कर्ताओं का खुलासा हो सके और इन सभी आरोपियों पर यूएपए और एनएसए के कार्यवाही की जाये एवं ओवेसी को जेड+ की सुरक्षा प्रदान की जाये ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृति न हो। इस मौके पर मोहम्मद मिफ़्ती आरिफ खान, आवेश खान सोहेल मंसूरी सद्दाम राइन, फिरोज मंसूरी, अकरम खान सहित कई लोग मौजूद रहे।

# सीरवी समाज की जन आक्रोश रैली में समाज सहित 36 कोम का जिला प्रशासन ने किया सम्मान

### जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ऑफिस छोड़कर आए बाहर।मासूम नाबालिक बिटिया को न्याय दिलाने के लिए दिया आश्वासन

**पुष्पांजलि टुडे । नरेश सिरवी**

**पाली।** सुमेरपुर तहसील के अंतर्गत तखतगढ़ थाना क्षेत्र के पिचावा गांव में 10 वर्षीय मासूम नाबालिग बालिका के हत्याकांड के विरोध में जिला कलेक्टर के बाहर बड़ी संख्या में सीरवी समाज सहित 36 कोम के लोग रैली के रूप में पहुंचे ।उन्होंने 10 साल की मासूम की रेप के बाद हत्या करने के आरोपी को फांसी दिलाने की मांग रखी। गत दिनों पिचावा गांव में 10 साल की मासूम से रेप के बाद निर्मम तरीके से उसकी हत्या के आरोपी के खिलाफ जिले वासियों भारी में आक्रोश हैं

सीरवी समाज संपूर्ण भारत के आव्हान पर सिरवी छात्रावास भवन के निकट हजारों लोग वी डी नगर सीरवी हॉस्टल के निकट से रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे। मासूम के साथ हुई दरिंदगी को लेकर उनकी आंखों में आंखों से साफ झलक रहा था । नारी शक्ति का आक्रोश से प्रशासन हिल गया। सीरवी समाज के विशाल जनसैलाब को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट परिसर जिला पुलिस अधीक्षक परिसर सहित शहर के विभिन्न मार्गो पर भारी पुलिस बल तैनात करवाया गया। जन आक्रोश रैली के दौरान पूरे रास्ते में हत्यारे को फांसी दो फांसी दो के नारे लगाते चल रहे थे । सीरवी समाज के आव्हान पर जन आक्रोश रैली शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित करने के निर्देशानुसार सैकड़ों की संख्या में मौजूद सीरवी समाज सहित 36 कोम के लोग ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया । कलेक्ट्रेट परिसर के पास जमकर नारेबाजी की। भारी जन आक्रोश रैली को देखते जिला प्रशासन ने सीरवी समाज सहित 36 कोम का सम्मान करते हुए जिला कलेक्टर नमित मेहता एसपी राजन दुष्यंत ऑफिस छोड़ बाहर आए। और उन्होंने नाबालिक मासूम बिटिया को न्याय दिलाने के लिए लोगों को आश्वासन दिया। उन्हें नव दुर्गा का रूप धारण कर आई बालिकाओं ने राज्यपाल प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बालिकाओं ने जिला कलेक्टर एवं एस पी से बोला सर हमें न्याय दिलाओ ।नाबालिगों के साथ इस तरह के गंदे काम कब तक होते रहेंगे ।ऐसे दरिंदों को फांसी दो जिस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले में त्वरित कार्रवाई होगी ।

### सीरवी समाज के छात्रावास के निकट आयोजित सभा में मौजूद रहे विभिन्न समाज के लोग

24 जनवरी को जिले में एक गांव में 10 साल की मासूम को बेर खिलाने के बहाने खेत पर ले जाकर 24 साल के पड़ोसी नरपत सिंह पुत्र मनोहर सिंह राजपूत ने रेप किया था ।उसके बाद हत्या कर शव कुएं में फेंक दिया था। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी नरपत सिंह जोधा को गिरफ्तार किया था। जो फिलहाल न्यायिक अभिरक्षा में है ।मामले में शुक्रवार को 36 कौम के लोग रैली के रूप में कलेक्टर पहुंचे जिला कलेक्टर और एसपी को सौंपा ज्ञापन में उन्होंने इस मामले को स्पेशल केस ऑफिसर के तहत सुनवाई करवाने एवं प्रकरण को संबंधित न्यायालय में त्वरित सुनवाई करवा कर न्याय दिलाने की मांग रखी। ।कार्यक्रम में सीरवी



युवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश चौधरी अखिल भारतीय महासभा महासचिव भवर चौधरी सीरवी युवा परिषद प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश चौधरी धन्ना राम लाला वत भवर सेणचा रमेश करणवा भरत कुमार चौधरी तरुण मुलेवा पेमाराम चौधरी रानी पंचायत समिति पूर्व प्रधान नवरत्न चौधरी भाजपा नेता लक्ष्मी सीरवी। गोरी सिरवी सुनील सिरवी सीरवी समाज के वरिष्ठ समाजसेवी रामलाल गांधीधाम विजय मरुधर जे के राठौड़ मंगला राम बारसा नारायण लाल भुणडाराम सीरवी रतन लाल फौजी सहित बड़ी संख्या में चौधरी समाज सहित विभिन्न समाजों एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी महिला पुरुष शामिल रहे। इससे पूर्व भारतीय जनता पार्टी जिला परिवार के संयुक्त नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर कड़ी से कड़ी निंदा कर बिटिया को न्याय दिलाने के लिए जन आक्रोश रैली की गई।पिचावा हत्याकांड के विरोध में शिवसेना सहित अलग-अलग धार्मिक संगठनों के नेतृत्व में भी ज्ञापन सौंपा गया।सीरवी समाज की नाबालिक 10 वर्षीय मासूम बालिका को न्याय दिलाने के लिए समाज के देश प्रदेश से सैकड़ों लोगों ने जन आक्रोश रैली में हिस्सा लिया।

### सभा में मासूम की तस्वीर के समक्ष हजारों लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए

सभा में वक्ताओं ने कहा अपराधी की कोई जात नहीं होती इससे पहले सीरवी छात्रावास के निकट एक भूखंड में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। जिसमें उन्होंने सीरवी महासभा के अध्यक्ष व सांसद पीपी चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि अपराधी की कोई जाति नहीं होती हैं ।उन्होंने कहा मैं सरकार को नहीं पुलिस अधीक्षक को धन्यवाद देता हूं । जिन्होंने त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया । जिला पुलिस प्रशासन को जांच में किसी तरह की कमी नहीं रखने को कहा गया। सभा को सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत मारवाड़ जंक्शन के पूर्व विधायक केसाराम चौधरी मारवाड़ जंक्शन प्रधान मंगलाराम देवासी सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया उन्होंने एक स्वर में कहा 10 साल की मासूम के साथ ऐसी दरिंदगी करने आरोपी को फांसी से कम सजा स्वीकार नहीं होगी ।नव दुर्गा के रूप में बालिकाएं कलेक्टर पहुंची तथा मासूमों के साथ हो रहे रेप की घटनाओं को लेकर पुलिस प्रशासन से सुरक्षा की गुहार लगाई।============================

### पूर्व सांसद ने समाज को दिया न्याय दिलाने का आश्वासन

में कोई केस हारा नहीं हूं । मुझे इजाजत दें तो मैं पैरवी भी करने को तैयार कार्यक्रम में मौजूद पूर्व सांसद पुष्प जैन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वे भी एडवोकेट हैं जरूरत पड़ी तो वे संयम मामले में मासूम की ओर से पैरवी भी करने के लिए तैयार रहेंगे। अगर उन्होंने पीड़िता के परिवार की ओर से इजाजत मिलती है तो उन्होंने यह भी कहा कि अभी तक वे कोई केस नहीं हारा हैं ।पीड़िता के केस में उन्हें पैरवी करने का मौका मिलता है तो अपना सौभाग्य मानेंगे

### पिचावा हत्याकांड के विरोध में योगी सरकार का किया गया जिक्र

सीरवी समाज के आव्हान पर पर सैकड़ों की संख्या में लोग रहे मौजूद । हत्याकांड के विरोध में उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में ऐसे मुख्यमंत्री की जरूरत है। जिस से प्रदेश भर में बहन बेटियां सुरक्षित रहे।

# लालटिपारा स्थित आदर्श गौशाला में आदर्श गांव व गौ आधारित समृद्धि गोष्ठी आयोजित





## संतो से समृद्धि गायों से वृद्धि आओ चलें गांव की ओरः श्री टावरी

### लालटिपारा स्थित आदर्श गौशाला में आदर्श गांव व गौ आधारित समृद्धि गोष्ठी आयोजित

ग्वालियर - ग्वालियर की आदर्श गौशाला देश के लिये रोल मॉडल है, इसे देश ही नहीं विदेशों में भी पहचान दिलाने का कार्य करूंगा। संतो के मार्गदर्शन में संचालित आदर्श गौशाला को गौ सेवा एवं गौ उत्पाद क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय केन्द्र बनाने की आवश्यकता है। यहां आकर छात्र सेवा, संस्कार व व्यापार के गुण सीख सकते हैं। उक्त विचार से. आई.ए.एस व पूर्व सलाहकार योजना आयोग (रूरल बिजनेस हब फाउन्डेशन इंडिया) डॉ. कमल टावरी ने लालटिपारा स्थित आदर्श गौशाला में आदर्श गॉव व गौ आधारित समृद्धि गोष्ठी में दिये। इसके साथ ही नगर निगम आयुक्त ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में ग्वालियर से ग्लोवल तक

इस अवसर पर आदर्श गौशाला का संचालन कर रहे हरिद्वार के संत स्वामी श्री ऋषभ देवानंद, स्वामी श्री प्रेमानंद, अध्यक्ष बीज निगम श्री मुन्नालाल गोयल, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल, जिला पंचायत सी.ई.ओ. श्री आशीष तिवारी, नोडल अधिकारी गौशाला श्री पवन सिंघल, गौशाला प्रभारी श्री राजेन्द्र सिंह गुर्जर, श्री मधुसुदन शर्मा, श्री सुरेश पाठक, श्री के.पी. सिंह भदौरिया सहित रिटा. अधिकारी, शिक्षक, विद्यार्थी व गौ भक्त उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन वंदेमातरम गीत के साथ किया गया।

श्री टावरी ने आदर्श गौशाला का भ्रमण कर गायों के रखरखाव, गौ उत्पाद, गौ चिकित्सा और बागवानी को देखकर प्रशंसा जाहिर कर संतो का आभार प्रगट किया और संतो से समृद्धि गायों से वृद्धि आओ चलें गांव की ओर यह बात कही। गौशाला को गौ उत्पाद, गौ संवर्धन के क्षेत्र में आगे बढाने की आवश्यकता है। इसके साथ ही स्वामी श्री ऋषभ देवानंद महाराज ने कहा कि गौ भक्तों व समाजिक नागरिकों के सहयोग से गौ शाला को आदर्श गौ शाला तो बनाया ही है इसके साथ ही उनके सहयोग से आमजन को गौ उत्पाद से बने सामान के उपयोग के लिये भी प्रेरित किया जा रहा है। जिससे गौ शाला आत्मनिर्भर बन सके।

इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने कहा कि गौ शाला को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा रहा है। जिसके लिये होटल, रेस्टोरेंट में गौ शाला के फोल्डर रखे जा रहे हैं। जिससे अधिक से अधिक लोग गौ शाला आये और गौ शाला को देखें। इसके साथ ही गौ शाला में गौ उत्पाद पर भी विशेष कार्य किया जा रहा है। जिससे जन-जन तक गौ उत्पाद पहुंचे। उन्होंने कहा कि नगर निगम की गौ शाला का संचालन करते हुए श्री कृष्णायन के संतो को पांच वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। इन पांच वर्षों में संतो की देखरेख में गौ शाला ने उन्नत्ती कर देश में आदर्श गौ शाला बन एक अलग पहचान दिलाई है ।

जिला पंचायत सीईओ श्री आशीष तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में गौ शालाओं का विस्तार किया जा रहा है। निराश्रित गौ वंश गौ शाला में रखकर ग्रामीणों को भी एक आय का साधन मिल सके इसके लिये कार्य किया जा रहा है।

# ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने इंटक मैदान में दीनदयाल रसोई के लिये किया भूमिपूजन




ग्वालियर। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इंटक मैदान में बने हॉकर्स जोन में 33.30 लाख रूपये की लागत से बनने वाली दीनदयाल रसोई का भूमि पूजन करते हुए कहा कि छोटे-छोटे कार्य करने वाले मजदूर व श्रमिकों को तथा मंडी में ठेला लगाने वाले व सब्जी लेने आने वाले सभी को भरपेट भोजन गुणवत्तायुक्त व सस्ता मिल सके, इसीलिये यहां दीनदयाल रसोई बनाई जा रही है।

उन्होंने दीनदयाल रसोई के भूमि पूजन के अवसर पर कहा कि इंटक मैदान में शहर का सबसे अच्छा हॉकर्स जोन बनने जा रहा है। हॉकर्स जोन में फल, सब्जी, कपडा, जूते चप्पल आदि वस्तुओं के अलग अलग सेक्टर बनाये जा रहें। जिससे ग्राहक व दुकान दार को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। इसके साथ ही यहां अलग से सुव्यवस्थित चाट बाजार बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंडी में ठेला लगाने वालों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से बिना ब्याज के लोन दिया जा रहा है।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि स्वर्ण रेखा पर एलीवेटेड रोड तथा विधानसभा की सभी प्रमुख रोडों का कार्य गतिशील है। इसके साथ ही स्वास्थ्य के क्षेत्र में तीन संजीवनी क्लीनिक पहले संचालित है साथ ही 6 की संजीवनी क्लीनिक की और स्वीकृति मिल चुकी है तथा बहोडापुर पर 30 बिस्तरीय अस्पताल भी मंजूर हो गया है, व बिरला नगर प्रसूतिगृह का कार्य प्रगति पर और सर्वसुविधायुक्त सिविल अस्पताल प्रदेश में टॉप 5 में स्थान बना चुका है। इसके साथ ही विधानसभा में दो सीएम राइज स्कूल बनने जा रहे हैं तथा एक स्मार्ट स्कूल शिक्षा नगर में बन रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ने कहा- विदेशी परंपरा को लागू कर हमने संस्कारों को पीछे छोड़ दिया

**ग्वालियर।** बदलते परिवेश में ज्यादातर परिवारों में शिक्षा का बोलबाला चल रहा है। विदेशी परंपरा को हमने लागू कर संस्कारों को पीछे छोड़ दिया है, जबकि पहले संस्कारों के साथ हर परिवार में शिक्षा दी जाती थी। इसके परिणाम स्वरूप बेटे और बेटियां चरित्रवान, शीलवान होकर संस्कारवान होते थे। हम बंधन को स्वीकार नहीं करना चाहते, जबकि बगैर बंधन के जीवन सुरक्षित नहीं है। यह विचार मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ने शनिवार को वसंत पंचमी पर विशेष शिक्षा व संस्कार पर नई सड़क स्थित चंपाबाग धर्मशाला में संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर मुनिश्री विनिबोध सागर महाराज व ऐलक विनियोग सागर महाराज मौजूद थे। मुनिश्री ने कहा कि आधुनिकता की चकाचौंध तथा विदेशी संस्कृति के पनपते प्रकोप से आज शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा बोलबाला हो गया है। हर माता-पिता अपने बच्चों को उच्च स्तरीय शिक्षा दिलाने के सभी प्रयास कर रहे हैं, जबकि कुछ समय पूर्व ज्ञान से ज्यादा संस्कारों का महत्व होता था। वहीं मुनिश्री विजयेश सागर ने कहा कि एक धर्मगुरु ने सभा में पूछा कि कितने लोग स्वर्ग जाना चाहते हैं, वो अपने हाथ उठाएं। सभी ने हाथ ऊपर कर दिए, लेकिन एक व्यक्ति ने ऐसा नहीं किया। धर्मगुरु ने उस व्यक्ति से पूछा कि तुम्हें स्वर्ग नहीं जाना। व्यक्ति बोला गुरुदेव मुझे न नरक जाना है, न स्वर्ग जाना है। मुझे यही रहकर अपने जीवन को स्वर्ग यही बनाना है। हमें भी इसी का अनुसरण करना चाहिए।

# वेयर हाउस पर ट्रक खड़ा कर ढाबा जाने के लिए कर रहे थे रास्ता पार, अज्ञात वाहन ने कुचला, दो दोस्तों की मौत

**ग्वालियर।** ग्वालियर में सड़क पार कर रहे दो दोस्तों को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया, हादसे में दोनों दोस्तों की मौत हो गई है। एक का शव सड़क पर पड़ा मिला है तो दूसरा उछल कर नाले में गिरा है। घटना रविवार सुबह मुरैना रोड होटल रितुराज के पास की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है और शवों को निगरानी में लिया है। पता लगा है कि दोनों मृतक ट्रक चालक हैं। वेयर हाउस पर ट्रक खड़ा करने के बाद वह चाय पीने के लिए रास्ता पर कर ढाबा पर जा रहे थे तभी अज्ञात वाहन उन्हें कुचल गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

पुरानी छावनी थाना प्रभारी सुधीर सिंह कुशवाह ने बताया कि रविवार सुबह सूचना मिली थी कि एक युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि सड़क पर एक युवक की लाश पड़ी है। पुलिस जांच कर रही थी कि तभी एक अन्य युवक की लाश 20 फीट दूर नाले में पड़ी मिली। दोनों युवकों को गंभीर चोटें लगी थी जिससे साफ था कि दोनों किसी तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आए हैं। टक्कर इतनी तेज थी कि एक युवक उछलकर नाले में आ गिरा। दोनों शवों को निगरानी में लेकर जांच की तो पता



चला कि मृतक ट्रक ड्राइवर व क्लीनर है। मृतकों की पहचान शिवपुरी करैरा निवासी नीरज पुत्र इन्द्रपाल सिंह परिहार, छोटू पुत्र प्रेमा कोरी के रूप में हुई है।

### रात को ट्रक लेकर निकले थे

पुलिस जांच में पता चला है कि मृतक नीरज परिहार



और छोटू कोरी रात को गाड़ी निकले थे और रविवार सुबह मुरैना रोड पर वेयर हाउस के पास पहुंचे थे। वेयर हाउस में गाड़ी खड़ी कर वह होटल पर चाय पीने जा रहे थे। जब वह सड़क पार कर रहे थे तभी उन्हें अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी। जिसमें दोनों की मौत हो गई।

### दो साल पहले पिता की हत्या हो चुकी है

मृतक छोटू ट्रक चालक है। उसकी परिवारिक स्थिति ठीक नहीं है। दो साल पहले उसके पिता प्रेमा कोरी की हत्या हुई थी। प्रेमा का शव कुंआ में पड़ा मिला था। दूसरा मृतक नीरज परिहार भी घर में अकेला कमाने वाला था। वह तीन भाई हैं, लेकिन वह सबसे बड़ा होने के कारण सबकी जिम्मेदारी उठा रहा था। कुछ साल पहले उसकी मां की संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से मौत हो चुकी है।

### सीसीटीवी कैमरों से सबूत की तलाश

ड्राइवर व क्लीनर को कुचलने वाले आरोपी वाहन का पता लगाने के लिए पुलिस आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू कर दिए है। जिससे पता चल सके कि किस वाहन ने उन्हें टक्कर मारी है। फिलहाल दोपहर तक पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली थी।

### खड़े ट्रक से टकराया बाइक सवार, मौत

ग्वालियर में कोर्ट में लगी तारीख कर वापस आ रहे नगर निगम कर्मचारी सड़क किनारे खड़े खराब ट्रक से टकरा गया। जिससे उसकी मौत हो गई।




# मुनिश्री के मंगल सानिध्य में भव्य पंचकल्याणक महोत्सव की होगी तैयारी शुरू



**अच्छी पत्नी, अच्छा दोस्त अच्छी संतान किस्मत से मिलती है-मुनिश्री विहर्ष सागर**

**मुनिश्री ने 18 से 23 फरवरी तक पंचकल्याणक महोत्सव की घोषणा, होगा भव्य गजरथ महोत्सव आयोजित।**

ग्वालियर-ऱ जीवनमें तीन रिश्ते किस्मत से मिलते हैं। अच्छी पत्नि, अच्छी संतान और अच्छा दोस्त। पत्नी का चुनाव घर वाले और रिश्तेदार की सहमति से होता है। संतान प्रकृति की देन है, लेकिन दोस्त का रिश्ता तो हम स्वयं चुनते हैं। यदि पत्नी खराब मिली तो एक जन्म ही खराब होता है, लेकिन यदि दोस्त खराब बन गया तो तुम्हारी आदतें और संस्कार सब बेकार हो जाएंगे और सारा जीवन पाप कमाने में निकल जाएगा, जिससे एक नहीं कई जीवन बर्बाद हो जाएंगे। पत्नी से भी अधिक सावधानी मित्र के चयन में बरतना चाहिए। यह विचार वात्सल्य सरोवर राष्ट्रसंत मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ने आज रविवार को नई स?क स्थित चंपाबाग धर्मशाला में संबोधित करते हुए कही। मुनिश्री विनिबोध सागर महाराज व ऐलक श्री विनियोग सागर महाराज मौजूद थे। मुनिश्री ने कहा कि एकांत वातावरण से जीवन में नीरसता आती है। भले ही एक दोस्त हो लेकिन अच्छे विचारों वाला हो। जहां दोस्त में स्वार्थ पनपने लगता है, वहीं से दोस्ती की हत्या हो जाती है। हमारा आचरण संगति पर टिका होता है और जीवन आचरण पर। जीवन की सार्थकता सद्विचारों के व्यक्ति के साथ संगति तथा सदाचरण से होती है।

# सड़क पर गाजे-बाजे के साथ निकल रही थी बारात, दूल्हे की घोड़ी ने कर दी गंदगी, निगम टीम ने ठोका 500 रुपए जुर्माना

**ग्वालियर।** ग्वालियर में एक घोड़ी के चक्कर में आधा घंटा बारात को सड़क पर ही खड़ा रहना पड़ा। हुआ यह था कि गाजे-बाजे के साथ सड़क पर बारात निकल रही थी। जिस घोड़ी पर दूल्हा बैठा था उसने सड़क पर ही शौच कर दी। पीछे आ रही नगर निगम की टीम ने बारात को रुकवा लिया। घोड़ी के मालिक पर 500 रुपए जुर्माना लगाया है। साथ ही थैली बांधकर ही घोड़ी को सड़क पर निकालने की चेतावनी दी है। 2100 रुपए घोड़ी की बुकिंग थी और 500 रुपए जुर्माना हो गया। ऐसे में काफी देर तक घोड़ी चालक बहस करता रहा, जिस कारण बारात सड़क पर ही खड़ी नजर आई।



बसंत पंचमी पर शहर में जमकर धूमधाम रही, बारातों के कारण सड़कों पर जाम लगता रहा। इसी बीच शनिवार को महाराज बाड़े पर एक रोचक वाक्ये ने सभी को हैरान कर दिया। यहां पर एक बारात निकल रही थी, दूल्हा घोड़ी पर बैठा हुआ था, आगे बाराती डांस में मस्त थे। इसी बीच अचानक घोड़ी ने शौच कर दी। वहां मौजूद नगर निगम के अमले ने जैसे ही यह देखा तो घोड़ी मालिक के हाथ में 500 रुपये का चालान काटकर थमा दिया। जब घोड़ीमालिक ने रसीद देखी तो वह चकित रह गया। दरअसल जब बारात निकल रही थी तब सहायक स्वास्थ्य अधिकारी भीष्म पमनानी भी वहां स्वच्छता की जांच करने पहुंचे थे। साथ ही गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माने भी किए जा रहे थे। इसी दौरान घोड़ी ने शौच कर दी और घोड़ी मालिक का चालान कट गया। साथ ही घोड़ी मालिक को हिदायत दी गई कि आगे से वह अपने साथ थैला लेकर चले, जिसमें यदि घोड़ी कहीं शौच करे तो तत्काल उसे थैले में रखा जा सके।

### स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियां हुई तेज

शहर में स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 की तैयारियां चल रही हैं। निगमायुक्त किशोर कन्याल के निर्देश पर गंदगी फैलाने वालों एवं दुकान पर डस्टबीन नहीं रखने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान दुकानदारों पर 5-5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जा रहा है। मुरार सदर बाजार सहित विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 17 हजार 900 रुपये जुर्माना वसूल किया गया। वहीं ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र में 10 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478